
# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, गुरुवार
29 मई 2025



नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 90 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## भारत बनाएगा 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान



नई दिल्ली। जिस पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की बात चल रही है, वह आखिर होता क्या है? भारत किस तरह के लड़ाकू विमान को बनाने की तैयारी कर रहा है? यह भारतीय वायुसेना के मौजूदा लड़ाकू विमानों से कितना अलग होगा? इसके अलावा फिलहाल किन देशों के पास पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं? भारत के अलावा कौन से देशों में इस तरह के फाइटर जेट बनाने की तैयारियां जारी हैं? भारत के पिछले प्रोजेक्ट्स के मुकाबले ताजा परियोजना कितनी अलग होगी? आइये जानते हैं सभी सवालों के जवाब...

भारत के पहले पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान- एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को विकसित करने के कार्यक्रम को मंजूरी मिल गई है। इससे पहले पिछले साल सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पांचवीं पीढ़ी के मल्टीरोल फाइटर जेट विकसित करने के लिए 15 हजार करोड़ रुपये के कार्यक्रम को मंजूरी दी थी। पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान बनते ही हम उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएंगे, जिनके पास वायुसेना में दुनिया की सबसे आधुनिक तकनीक के फाइटर जेट मौजूद हैं।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर जिस पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की बात चल रही है, वह आखिर होता क्या है? भारत किस तरह के लड़ाकू विमान को बनाने की तैयारी कर रहा है? यह भारतीय वायुसेना के मौजूदा लड़ाकू विमानों से कितना अलग होगा? इसके अलावा फिलहाल किन देशों के पास पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं? भारत के अलावा कौन से देशों में इस तरह के फाइटर जेट बनाने की तैयारियां जारी हैं? भारत के पिछले प्रोजेक्ट्स के मुकाबले ताजा परियोजना कितनी अलग होगी? आइये जानते हैं सभी सवालों के जवाब...

**पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान क्या होते हैं?**-दूसरे विश्व युद्ध के दौरान बनाए गए सबसे पहले फाइटर जेट्स को पहली पीढ़ी के लड़ाकू विमान कहा गया। इनमें सोवियत संघ का मिग-15 और अमेरिका का एफ-86 सेबर शामिल थे। इन लड़ाकू विमानों में पहली बार तेज उड़ान भरने में सक्षम जेट इंजन्स का इस्तेमाल हुआ। दूसरी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों ने पहली बार आवाज की गति से तेज उड़ने वाले लड़ाकू विमान दुनिया के सामने आए।

तीसरी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में बेहतर रडार और हवा से हवा में मार करने की क्षमता के साथ हवा से जमीन पर सधे निशाने लगाने की क्षमता भी दिखाई गई। इन्हें ही लड़ाकू विमानों की दुनिया में मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट कहा जाता है। इसके बाद चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में ज्यादा आधुनिक हथियार लगाए गए। इनमें बियॉन्ड विजुअल रेंज यानी जिस निशाने को लक्षित किया जा रहा है, वहां तक बिना पहुंचे ही उसे मार गिराने की क्षमता हासिल की गई।

**बढ़ेगी ताकतः भारत में बनेगा 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान, एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट कार्यक्रम को मंजूरी**-चौथी पीढ़ी और पांचवीं पीढ़ी के बीच में एक और पीढ़ी भी सामने आई यह थी 4.5वीं पीढ़ी, जिसमें लड़ाकू विमानों में रडार को चकमा देने की तकनीक, जिसे स्टेल्थ कहा जाता है, को और बेहतर किया गया। इस वर्ग के फाइटर जेट्स गति और शांति से दुश्मन के रडार से बच निकलते हैं।अब दुनिया पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट्स की तरफ बढ़ चुकी है। इस मामले में अमेरिका सबसे आगे है। उसके एफ-22 रैप्टर और एफ-35 सबसे मजबूत पांचवीं पीढ़ी के एयरक्राफ्ट्स हैं। इसके अलावा चीन के जे-20 और जे-35 और रूस का एसयू-56 इसी तर्ज पर बने लड़ाकू विमान हैं।

पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान 21वीं सदी में सबसे आधुनिक फाइटर जेट्स हैं। कई देश छठी पीढ़ी पर भी काम कर रहे हैं, लेकिन अभी वह प्रोटोटाइप स्टेज तक ही सीमित हैं। दूसरी तरफ पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान अपनी तेज गति और रडार की पकड़ में न आने की क्षमता (स्टेल्थ), कलाबाजी खाने में सक्षम ढांचे (एयरफ्रेम), बिना इंजन की पूरी ताकत इस्तेमाल किए लंबे समय तक आवाज की गति से तेज रफ्तार में उड़ने की क्षमता (सुपरक्रूज) और बेहतरीन इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम (एवियॉनिक्स) के लिए जाने जाते हैं।

सीधे शब्दों में समझें तो पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान अपने कमांड, नियंत्रण और संचार क्षमताओं की वजह से उन्नत हैं, जिनमें सभी कंट्रोल्स पायलट के इशारों पर मौजूद होते हैं। शेष पेज 2 पर

## ऐशबाग स्टेशन पर कृषक एक्सप्रेस का इंजन शंटिंग के दौरान पटरी से उतरा, आवागमन ठप

लखनऊ। लखनऊ के ऐशबाग स्टेशन के यार्ड में कृषक एक्सप्रेस का इंजन शंटिंग के दौरान पटरी से उतर गया। इससे ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हो गया है। ऐशबाग के स्टेशन यार्ड में बुधवार करीब साढ़े बारह बजे कृषक एक्सप्रेस का इंजन शंटिंग के दौरान पटरी से उतर गया। इसके कारण छपरा -मथुरा ट्रेन प्रभावित हुई है। ट्रेन को गोमती नगर स्टेशन पर दोपहर दो बजे से रोका गया है। इंजन उतरने से ओएचई तार भी टूट गया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत का काम चल रहा है। अभी एक ही ट्रेन छपरा -मथुरा प्रभावित हुई है। गोमती नगर स्टेशन पर उसे रोका गया है। गोरखपुर मे इंजीनियरिंग के काम के लिए ब्लॉक दिए जाने के कारण 28 मई के लिए कई ट्रेनों की टाइमिंग बदली गई है।

शेष पेज 2 पर

## भारत और अफ्रीका के बीच अटूट दोस्तीः जयशंकर



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत और अफ्रीका के बीच गहरी एकजुटता और अटूट मित्रता है और नयी दिल्ली अफ्रीका के विकास, समृद्धि और प्रगति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यहां अफ्रीका दिवस समारोह में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोबल साउथ के भागीदार के रूप में भारत वैश्विक संस्थाओं और विमर्श में अफ्रीका के लिए एक बड़ी आवाज की पुरजोर वकालत करता है। उन्होंने एक्स पर कहा, आज दिल्ली में अफ्रीका दिवस 2025 समारोह में भाग लेकर प्रसन्न हूं।

शेष पेज 2 पर

## बिना अनुमति पेड़ों की कटाई के लिए डीडीए अधिकारियों पर जुमार्ना, तीन सदस्यीय समिति गठित

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि डीडीए के अधिकारियों ने दिल्ली के दक्षिणी रिज में सड़कों को चौड़ा करने के लिए अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई की। सुप्रीम कोर्ट ने इसे अवमाननापूर्ण कार्रवाई माना और पेड़ों की अवैध कटाई के लिए जिम्मेदार डीडीए अधिकारियों पर 25-25 हजार रुपये जुमार्ना लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए और दिल्ली सरकार के अधिकारियों के लिए कुछ विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और दिल्ली में हरित कवर को बढ़ाने के लिए डीडीए और दिल्ली सरकार को सुझाव देगी।



जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने निर्देश दिया कि अब से वनरोपण, सड़क निर्माण, पेड़ों की कटाई या संभावित पारिस्थितिक प्रभाव वाली किसी भी गतिविधि से संबंधित प्रत्येक अधिसूचना या आदेश में इस न्यायालय के समक्ष संबंधित कार्यवाही के लंबित होने का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस टी विनोद कुमार को तेलंगाना उच्च न्यायालय से मद्रास उच्च न्यायालय भेजने की सिफारिश की है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 26 मई की बैठक में यह सिफारिश की।

शेष पेज 2 पर

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमरनाथ यात्रा के रूट पर होगी सीआरपीएफकी किलेबंदी

नई दिल्ली। अमरनाथ यात्रा के रूट को सुरक्षित बनाने के लिए सीआरपीएफ द्वारा विशेष मोचार्बंदी की जाएगी। यात्रा के दौरान लगभग एक किलोमीटर के अंतराल पर रूट को सेनेटाइज किया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अब केंद्रीय सुरक्षा बलों ने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों पर फोकस कर दिया है। देश का सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ', जो लंबे समय से अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालता है, इस बार भी सीआरपीएफ द्वारा अमरनाथ यात्रा के रूट पर अचूक किलेबंदी की जाएगी। इसके लिए डीजी सीआरपीएफ जीपी सिंह अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ घाटी के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने घाटी में तैनात सीआरपीएफ की 47 बटालियनों के रेंज डीआईजी और कमांडिंग अधिकारियों के साथ तीन घंटे से अधिक समय तक चली कॉन्फ्रेंस में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर बातचीत की है। सूत्रों का कहना है कि इस बार सुरक्षा बलों का विशेष फोकस फिदायीन अटैक और आईईडी 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) के हमलों को रोकना है। सीआरपीएफ की '1000 मीटर' की थ्योरी, आतंकियों को यात्रा रूट के निकट तक नहीं फटकने देगी।

सूत्रों का कहना है कि अमरनाथ यात्रा के रूट पर श्रद्धालुओं को अचूक सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'सीआरपीएफ' ने कमर कस ली है। जिन मार्गों से अमरनाथ यात्रा गुजरेगी, वहां की अचूक किलेबंदी की जाएगी। सीआरपीएफ की '1000 मीटर' की थ्योरी, आतंकियों को यात्रा रूट के निकट तक नहीं पहुंचने देगी। उक्त दूरी पर पर्याप्त संख्या में जवान मौजूद रहेंगे। भले ही सरकारी कर्मियों के लिए रोजाना आठ घंटे की ड्यूटी तय होती है, लेकिन सीआरपीएफ के जवान, अमरनाथ यात्रा के दौरान 14 से 16 घंटे तक तैनात रहते हैं। यात्रा रूट पर श्रद्धालुओं के काफिले पूरी तरह महफूज रहेंगे। इन्हें बल के वाहन एस्कॉर्ट करेंगे। रास्ते में कोई खतरा न हो, इसके लिए सीआरपीएफ की 'रोड ओपनिंग पार्टी' 24 घंटे गश्त पर रहेगी। अमरनाथ यात्रा के रूट को सुरक्षित बनाने के लिए सीआरपीएफ द्वारा विशेष मोचार्बंदी की जाएगी।

शेष पेज 2 पर



## 'पापा आप मजबूत रहो... मैंने कोई भी गैरकानूनी काम नहीं किया'

### जेल में मिले पिता से बोली ज्योति





हिसार ।को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। उसके पिता सुबह करीब 10 बजे जेल परिसर पहुंचे और बेटी से मिलवाने का अनुरोध किया। जेल रजिस्टर में एंट्री के बाद जेल नियमों के अनुसार उन्हें अंदर भेजा गया। मैं जल्द बाहर आ जाऊंगी।

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा से मिलने के लिए उसके पिता हरीश मल्होत्रा मंगलवार को हिसार सेंट्रल जेल-2 में पहुंचे। उन्होंने करीब 20 मिनट तक बेटी से बातचीत की। इस दौरान ज्योति को कुछ कपड़े दिए।

बेटी को जेल की सलाखों के पीछे देखकर हरीश मल्होत्रा भावुक हो गए। ज्योति ने उनसे कहा कि आप चिंता न करें, मैं जल्द बाहर आ जाऊंगी। मैंने कोई गैर कानूनी काम नहीं किया है। पिता-पुत्री की मुलाकात सामान्य कैदियों की तरह ही करवाई गई।

शेष पेज 2 पर

## नगर मुख्य पार्षद सहित कई पार्षदों ने थामा जदयू का दामन

### राजद पर जदयू नेताओं का तीखा हमला

किशनगंज। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने भी राजद और लालू प्रसाद यादव के परिवार पर जमकर निशाना साधा। तेजप्रताप यादव से जुड़ी हालिया घटनाओं पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि आज जब तेजप्रताप को लेकर नैतिकता की बात हो रही है, तो पहले जब अपने घर की बहू को निकाला गया था, तब नैतिकता कहां थी?

बिहार की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। किशनगंज के सम्राट अशोक भवन में आयोजित जदयू के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान नगर मुख्य पार्षद इंद्रदेव



पासवान समेत कई पार्षदों और सैकड़ों कार्यकताओं ने जनता दल (यूनाइटेड) का दामन थाम लिया। कार्यक्रम में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, बिहार सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव गुलाम रसूल बलियावी भी मौजूद रहे। इस आयोजन में इंद्रदेव पासवान के साथ कई वार्ड पार्षदों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की विचारधारा से जुड़ने की बात कही। मंच पर सभी नए कार्यकताओं को उमेश कुशवाहा और अन्य नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया और पार्टी में उनका स्वागत किया गया।

शेष पेज 2 पर

तोहफा | किसानों को मोदी सरकार का बड़ा तोहफा,

## खरीफ फसलों पर बढ़ाई MSP, ब्याज सहायता योजना का भी ऐलान

नई दिल्ली। दालों की बात करें तो 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए तुअर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़कर 8,000 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द का 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का 86 रुपये बढ़ाकर 8,768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 69 रुपये बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दी है। इस बात की जानकारी केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 सालों में खरीफ फसलों के लिए MSP में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में, खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के



लिए टरढ को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। हर फसल के लिए लागत के साथ 50% को भी ध्यान में रखा गया है। दालों की बात करें तो 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए तुअर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़कर 8,000 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द का 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का 86 रुपये बढ़ाकर 8,768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। रामतिल, रागी, कपास और सेसम (तिल) के लिए एमएसपी में पिछले वर्ष की तुलना में उच्चतम पूर्ण वृद्धि की सिफारिश की गई है। खरीफ फसलों के 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर करने की घोषणा की गई थी।

अश्विनी वैष्णव ने यह भी बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ब्याज सहायता योजना को मंजूरी दी है। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए किसान क्रेडिट कार्ड की शुरूआत की गई थी। इससे किसानों के लिए कार्यशील पूंजी प्राप्त करना बहुत आसान हो गया था। ब्याज सहायता योजना के माध्यम से कार्यशील पूंजी की लागत कम हो गई है। प्रभावी रूप से, किसानों के लिए 4% ब्याज पर 2 लाख रुपये तक का ऋण/पूंजी सुनिश्चित करने पर विचार किया गया है। यात्रा के दौरान लगभग एक किलोमीटर के अंतराल पर रूट को सेनेटाइज किया जाएगा। यानी इतनी दूरी पर सीआरपीएफ का एक मोर्चा रहेगा। मोर्चों की इतनी कम दूरी इसलिए रखी गई है कि किसी दूसरे मोर्चे पर कोई घटना हो तो पहले मोर्चे से बिना कोई देरी किए जवान, वहां पहुंच सकते हैं। खास बात है कि जवानों द्वारा खुद ही अपने मोर्चे तैयार किए जाएंगे।

शेष पेज 2 पर

# रेखा सरकार के 100 दिनः धीमी रफ्तार, महिला समृद्धि योजना, फ्री शिक्षा और सिलेंडर जैसे वादे अभी कागजों पर ही

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली । दिल्ली की रेखा सरकार 31 मई को 100 दिनों के कामकाजों की रिपोर्ट पेश करेगी। लेकिन उससे पहले दिल्ली सरकार के 100 दिन चुनावी वादों की पटरी पर रेखा सरकार की रफ्तार बेहद धीमी है। क्योंकि महिला समृद्धि योजना, बच्चों को मुफ्त शिक्षा और सस्ता सिलेंडर जैसे वादे अभी कागजों पर ही हैं। 5,100 करोड़ रुपये बजट आवंटित हो चुके हैं। फिर भी पैसा खाते में नहीं आया।

दिल्ली सरकार ने दिल्लीवालों की जिंदगी में सहूलियत लाने वाले फैसले लिए हैं लेकिन इनके धरातल पर उतरने का इंतजार है। इनमें से अधिकतर फैसले आधी आबादी से जुड़े हैं जो महिला मुख्यमंत्री होने की वजह से ज्यादा उम्मीद लगाए बैठी है। इनमें महिला समृद्धि योजना, मुफ्त और सस्ता सिलिंडर योजना। बच्चों की मुफ्त शिक्षा समेत अन्य घोषणाएं शामिल हैं। सरकार ने इनमें कुछ योजनाओं को हरी झंडी भी दे दी है लेकिन इनमें से कई फाइलों में एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर घूम रही हैं।

दिल्ली चुनाव के दौरान भाजपा ने गरीब परिवार की महिला को हर माह 2500 रुपये वित्तीय सहायता देने का वादा किया था। दिल्ली सरकार ने इस योजना को हरी झंडी दे दी है और इसके लिए 5,100 करोड़ रुपये का बजट भी आवंटित कर दिया है लेकिन 100 दिनों में महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आया है। गरीब महिला की पेंशन 2500 से 3000 करने और गर्भवती महिलाओं के लिए 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और 6 पोषण किट के लिए भी 210 करोड़ रुपये का



बजट आवंटित है लेकिन योजना लागू होने का इंतजार है।

भाजपा का बड़ा चुनावी वादा होली और दिवाली पर महिलाओं को मुफ्त गैस सिलिंडर देने का था। होली सिलिंडर की आस में गुजर गई अब दीपावली का इंतजार है। महिलाओं को 500 रुपये में सस्ता सिलिंडर देने का भी वादा भी अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। अधिकारी बताते हैं कि इन योजनाओं से जुड़ी औपचारिकताओं को अभी पूरा किया जा रहा है। जल्द ही इन्हें लागू कर दिया जाएगा।

**पांच रुपये में नहीं मिला भरपेट भोजन**

भाजपा ने सरकार बनने से पहले झुग्गी-झोपड़ियों में 5 रुपये में पौष्टिक भोजन और गरीब छात्रों के लिए केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का वादा किया है। 100 अटल कैंटीन और मुफ्त शिक्षा के लिए प्रारंभिक योजनाएं बन रही हैं, लेकिन अभी तक ठोस क्रियान्वयन नजर नहीं आया। सीएम ने आजादपुर मंडी में पहली अटल कैंटीन की घोषणा की है, बजट में 100 करोड़ आवंटित हैं लेकिन अभी काम नहीं शुरू हुआ।

सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकार ने कुछ काम किए हैं। फिर भी, अभी तक महिलाओं को 2500 रुपये देने का वादा अधूरा है। मौजूदा सरकार पिछली सरकार की मुफ्त सुविधाओं को खत्म करने में लगी है। निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) को खत्म कर दिया गया है। ऐसे में अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का सपना टूट गया है।

दिल्ली सरकार के सौ दिन के काम से बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। इलाके में सड़कें अभी कच्ची हैं। बारिश में नालियां भर जाती हैं और गलियों में जलभराव हो जाता है। सरकार ने चुनाव से पहले बहुत वादे किए थे। इसमें से कुछ पूरे हुए, लेकिन महिलाओं को 2500 रुपये भी नहीं मिले। सरकार से काफी उम्मीदें हैं कि वह अपने वादे पूरे करेगी। -आशा रानी, आश्रम निवासी

दिल्ली सरकार ने अस्पताल और स्कूलों को विकसित करने के लिए अहम कदम उठाए हैं। यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए देवी बस चलाई। आयुष्मान योजना लागू कर गरीब परिवारों को अहम सहायता पहुंचाई है। दिव्यांगजनों के लिए भी कई सारी पहल की है। वहीं, दिल्ली के सौंदर्यीकरण को भी बढ़ाने के लिए अनेकों नए प्रयास किया जा रहे हैं। -टीना पूरी जिंदल, विकासपुरी

दिल्ली सरकार ने रोजगार देने का वादा किया है, जिसके तहत दिल्ली दंगों में मारे गए लोगों के परिजनों को नौकरी दी गई है। 125 परिवारों को नियुक्तियां देने का काम किया गया है, जिनमें से 19 लोग अपनी सेवाएं शुरू कर रहे हैं। दिल्ली सरकार ने जो भी वादे किये हैं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में उनपर काम किया जा रहा है। प्रदूषण के खिलाफ हम व्यापक कार्ययोजना के साथ काम कर रहे हैं।

## गौरव की पत्नी ने पाक एजेंसी के लिए आईबी रिपोर्ट एकत्रित कीः हिमंत विश्व शर्मा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

असम, गुवाहाटी। प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता गौरव गोगोई की ब्रिटिश पत्नी पाकिस्तानी जलवायु लॉबी की ओर से विभिन्न खुफिया दस्तावेज एकत्र कर रही थीं।

शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि असम सरकार के पास गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंधों के आरोपों को पुष्ट करने के लिए दस्तावेजी सबूत हैं और वह 10 सितंबर तक सब कुछ सार्वजनिक कर देंगे।

# विजय शाह की बढ़ सकती है मुश्किलें

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**




नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विवादित टिप्पणी के लिए मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ उच्च न्यायालय में जारी कार्यवाही को बुधवार को बंद करने का आदेश दिया और कहा कि वह (उच्चतम न्यायालय) अब इस मामले की जांच कर रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शीर्ष अदालत के पहले के आदेश के अनुपालन में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से स्थिति रिपोर्ट मांगी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि एसआईटी ने कुछ उपकरण जब्त कर लिए हैं और अपनी जांच शुरू कर दी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि मंत्री के खिलाफ उच्च न्यायालय में समानांतर कार्यवाही जारी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि चूंकि मामला अब उसके संज्ञान में है, इसलिए उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही बंद हो गई है। न्यायालय ने कहा कि शाह की गिरफ्तारी पर रोक समेत 19 मई को पारित अंतरिम निर्देश को आगे बढ़ाया जाता है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में तय की। पीठ ने मामले में किसी भी तरह के हस्तक्षेप की अनुमति देने से इनकार करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहती। शीर्ष अदालत ने 19 मई को शाह को फटकार लगाई और उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। शाह उस समय आलोचनाओं के घेरे में आ गए जब एक वीडियो में वह कर्नल कुरैशी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए नजर आए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल कुरैशी ने खूब प्रसिद्धि पाई थी, जो एक अन्य महिला अधिकारी विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ अभियान की जानकारी देने वालों में शामिल थीं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शाह को कर्नल कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और गटर की भाषा का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई और पुलिस को दुश्मनी एवं नफरत को बढ़ावा देने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। जबरदस्त निंदा के बाद शाह ने अपने बयान पर खेद व्यक्त किया और कहा कि वह अपनी बहन से ज्यादा कर्नल कुरैशी का सम्मान करते हैं।

# पेज एक का शेष...

## भारत बनाएगा 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान

**भारत में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की कैसी तैयारी?**- स्टेल्थः भारत जिस एएमसीए को बनाने की तैयारी कर रहा है, वह दो इंजन वाला 25 टन का एयरक्राफ्ट होगा। इसे भारतीय वायुसेना में मौजूद बाकी लड़ाकू विमानों से थोड़ा बड़ा बनाया जाएगा। इसमें तेज गति और शांत चाल का विशेष ध्यान रखा जाना है, ताकि यह दुश्मन देशों की रडार की पकड़ में न आ पाए। डीआरडीओ की एयरोनॉटिक्स डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) भारत के पहले पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट को दुनिया के अन्य इसी वर्ग के एयरक्राफ्ट्स से बेहतर बनाने की कोशिश में है। ईंधन और हथियारः इस लड़ाकू विमान में एक बड़ा फ्यूल टैंक लगाया जाएगा, जो कि ढांचे के अंदर मौजूद होगा। इसकी क्षमता 6.5 टन ईंधन रखने की होगी। इसके अलावा लड़ाकू विमान में अंदरूनी हथियारखाना होगा, जिसमें अधिकतर स्वदेशी स्तर पर बने हथियार और मिसाइलें रखी जाएंगी। इसके अलावा आधुनिक बम और बड़ी कैलिबर वाली बंदूकों को भी इस एयरक्राफ्ट में लगाया जा सकता है।

इंजनः एएमसीए के जो पहले कुछ लड़ाकू विमान- एमके-1 बनाए जाने हैं, उनमें अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिकल्स के जीई-414 इंजन लगाना तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति रहे जो बाइडन के बीच जो समझौता हुआ था, उसके तहत इंजन का निर्माण साझा तौर पर भारत में होना है। यह इंजन अपनी श्रेणी में सबसे ताकतवर माने जाते हैं और एक बार में 90 किलोन्यूटन ('ठ) तक की ऊर्जा पैदा कर सकते हैं।

एडीए ने लक्ष्य रखा है कि जब एएमसीए अपने एमके-2 मॉडल तैयार करेगा तो इसमें स्वेदशी इंजन लगाए जाएंगे, जो एक बार में 110 किलोन्यूटन की ताकत पैदा कर सकेंगे। इनका निर्माण डीआरडीओ और किसी अन्य भारतीय या विदेशी फर्म के सहयोग से होना है। बताया गया है कि भारत इसके लिए फिलहाल फ्रांस की साफरान एसए (रां१ल्ल रअ) से बातचीत कर रहा है। यह कंपनी दुनिया में एयरक्राफ्ट इंजन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। अपने इस कदम के जरिए भारत आने वाले समय में खुद से ही लड़ाकू विमानों के इंजन बना सकेगा। भारत के पांचवीं पीढ़ी के एयरक्राफ्ट में एयरफ्लो को भी नियंत्रित किए जाने की तैयारी है। दरअसल, कई रडार इंजन में जाने वाली हवा के बहाव में बदलाव के जरिए फाइटर जेट की लोकेशन को पकड़ सकते हैं। ऐसे में भारत इस फीचर को परिष्कृत करने की तैयारी की जा रही है।

भारत के पास इस वक्त जो लड़ाकू विमान मौजूद हैं, उनमें अधिकतर रूस और फ्रांसीसी मूल के लड़ाकू विमान हैं। जहां भारतीय वायुसेना रूस के दूसरी-तीसरी और चौथी पीढ़ी के विमान इस्तेमाल कर रही है, वहीं फ्रांस की तरफ से हमें तीसरी, चौथी और 4.5वी पीढ़ी के लड़ाकू विमान मिले हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो भारत की तरफ से बनाया जा रहा पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान वायुसेना के सभी मौजूदा विमानों से ज्यादा आधुनिक होगा।

किन देशों के पास पहले से हैं 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान, कहां तैयारियां जारी?

1. अमेरिकाः मौजूदा समय में सिर्फ तीन देशों के पास पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की मौजूदगी बताई जाती है। इनमें सबसे आगे अमेरिका है, जिसके पास लॉकहीड मार्टिन कंपनी के एफ-22 रैप्टर और एफ-35 लाइटनिंग-क्क एयरक्राफ्ट मौजूद हैं। अमेरिका ने अपने एफ-35 को कई देशों को मुहैया कराया है। इस्राइल से लेकर ऑस्ट्रेलिया और इटली से लेकर जापान तक अमेरिका से इस लड़ाकू विमान को खरीद चुके हैं। हालांकि, अमेरिका ने अपने एफ-22 रैप्टर को किसी भी देश को बेचने पर रोक लगाई है।

2. चीनः पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की कैटेगरी में चीन अपने पास दो फाइटर जेट्स होने का दावा करता है। इनमें से एक चेंगदू का जे-20 और दूसरा चेंगदू का ही जे-35 है। हालांकि, इनकी क्षमताओं को लेकर ज्यादा जानकारियां सामने नहीं आई है। बताया जाता है कि जे-20 के हाई-स्पीड ट्रायल 2011 में शुरू कर दिए गए थे। हालांकि, इसे चीन की वायुसेना में मार्च 2017 में शामिल किया गया। वहीं, जे-35 फाइटर जेट कार्यक्रम 2007 से ही जारी है। इसे 2024 के एयरशो में दुनिया के सामने पेश किया गया। हालांकि, इसके परीक्षण अभी कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं।

3. रूसः अभी रूस के पास सिर्फ एक एसयू-57 एयरक्राफ्ट ही पांचवीं पीढ़ी का है। इसकी पहली उड़ान 2010 में दर्ज हुई थी। रूसी वायुसेना को 2020 में इस फाइटर जेट की डिलीवरी भी मिली थी। हालांकि, इसकी क्षमताओं का पूरी तरह दुनिया के सामने आना अभी बाकी है।

अमेरिका की तरफ से एफ-35 की डिलीवरी के बाद उसके कई सहयोगियों को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान मिले हैं। हालांकि, कुछ और देश अपने पांचवीं पीढ़ी के मॉडल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इन देशों में तुर्किये, दक्षिण कोरिया, जापान, स्वीडन और भारत शामिल हैं। इन सभी देशों में पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट्स का विकास कार्यक्रम अलग-अलग चरणों में है।

## भारत और अफ्रीका के बीच अटूट दोस्तीः जयशंकर

भारत और अफ्रीका के बीच गहरी एकजुटता और अटूट मित्रता है। भारत अफ्रीका के विकास, समृद्धि और प्रगति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अपने पोस्ट में जयशंकर ने समारोह की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं और भारत-अफ्रीका साझेदारी को और बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा, हम मिलकर अफ्रीकी प्राथमिकताओं को साकार करने के उद्देश्य से सहयोग का एक समकालीन एजेंडा तैयार करेंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमरनाथ यात्रा के रूट पर होगी सीआरपीएफकी किलेबंदी

यात्रा रूट पर पर्याप्त संख्या में 'आरओपी' तैनात रहेंगी। यात्रियों को फुलप्रूफ सुरक्षा प्रदान करने के लिए रूट पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगेंगे।

साल 2017 के दौरान अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं पर हुए आतंकवादी हमले के बाद से यात्रा की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ को सौंपी गई थी। श्रद्धालुओं के काफिलों को जम्मू बेस कैम्प से बालटाल/पहलगाम तक के लगभग 300 किलोमीटर लंबे सफर में सीआरपीएफ एस्कार्ट में लाया जाता है। सुबह से शाम तक इस यात्रा रुट को सुरक्षित बनाए रखने के लिए जवानों को तैनात किया जाता है। ये जवान अल सुबह ही अपने हथियार एवं गोला बारूद व दूसरे उपकरणों को लेकर कैम्प से निकलते हैं। 14 घंटे से अधिक समय तक जवानों को अपने साजो-सामान के वजन के साथ खड़े रहना पड़ता है। सूत्रों के मुताबिक, अमरनाथ यात्रा पर पाकिस्तान के दशहतगर्दों की बुरी नजर है। खुफिया इकाई को जो अलर्ट मिल रहे हैं, उसके अनुसार, जम्मू-कश्मीर में अभी भी लगभग '50' पाकिस्तानी दहशतगर्द छिपे हैं। इतना ही नहीं, पाकिस्तान के बड़े आतंकी संगठनों के जम्मू-कश्मीर में मौजूद 'मुखौटे' समूहों के करीब दो दर्जन लोकल आतंकी भी सक्रिय हैं। इन आतंकियों के पास छोटी मिसाइल सहित चार तरह के हथियार हैं, जिनका इस्तेमाल ये दहशतगर्द अमरनाथ यात्रा पर हमले के लिए कर सकते हैं। इनमें छोटी मिसाइल यानी हैंड ग्रेनेड के अलावा, आईईडी, चिपकने वाला बम और ड्रोन शामिल हैं। फिदायीन अटैक को लेकर भी सुरक्षा बल सतर्क हैं। अमरनाथ यात्रा रूट पर जो विशेष शिविर तैयार किए जाएंगे, उनकी दूरी कम कर दी गई है। यात्रा मार्ग पर रोड ओपनिंग पार्टी की संख्या बढ़ाई जाएगी। यात्रा बेस कैंप की सुरक्षा, जो पहले एसएसपी रैंक के अधिकारी संभालते थे, इस बार वह दायित्व बड़े स्तर के अधिकारियों को सौंपा जा सकता है। फील्ड ड्यूटी में कई दूसरे परिवर्तन भी देखने को मिलेंगे। जम्मू कश्मीर पुलिस की इंटेलिजेंस विंग और सुरक्षाबलों की मदद से ओवर ग्राउंड वर्कर की सक्रियता का पता लगाने के लिए एक विशेष दस्ते का गठन किया जाएगा। ये ओवर ग्राउंड वर्कर, आतंकियों को जरुरी सूचनाएं एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा मुहैया कराते हैं। पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के जम्मू कश्मीर में मौजूद मुखौटे आतंकी संगठन जैसे 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) और पीएएफएफ की गतिविधियों पर खास नजर रखी जा रही है।

## 'पापा आप मजबूत रहो... मैंने कोई भी गैरकानूनी काम नहीं किया

ज्योति मल्होत्रा को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। उसके पिता सुबह करीब 10 बजे जेल परिसर पहुंचे और बेटी से मिलवाने का अनुरोध किया। जेल रजिस्टर में एंट्री के बाद जेल नियमों के अनुसार उन्हें अंदर भेजा गया। इसके बाद हरीश मल्होत्रा को ज्योति से सामान्य कैदियों के साथ समूह में मिलवाने के बजाय अलग से मिलवाया गया। ज्योति ने पिता से कहा कि पापा आप मजबूत रहो। मैंने कोई गैर कानूनी काम नहीं किया है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद मैं बाहर आ जाऊंगी। पुलिस ने ज्योति को 18 मई को गिरफ्तार कर पांच दिन के रिमांड पर लिया था। इसके बाद 23 मई को फिर से अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया था। 26 मई को अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, ज्योति मल्होत्रा ने पहली बार पाकिस्तान यात्रा के बाद विशेष वीजा हासिल किया था, जिसे आईएसआई और पाक गृह मंत्रालय की मंजूरी मिली थी। पुलिस का मानना है कि ज्योति ने जानबूझकर आईएसआई का साथ दिया, ताकि उसे विशेष सुविधाएं और वीआईपी ट्रीटमेंट मिल सके।

## ऐशबाग स्टेशन पर कृषक एक्सप्रेस का इंजन शंटिंग के दौरान पटरी से उतरा, आवागमन ठप

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि थावे से चलने वाली 75105 थावे नकहा जंगल डेमू ट्रेन थावे से 2 घंटा पहले चलेगी। नकहा जंगल से 28 मई को चलने वाली 75107 नकहा जंगल गोंडा डेमू गाड़ी नकहा जंगल से 1:30 घंटा पुनर्निर्धारित कर चलाई जाएगी।

गोमतीनगर से चलने वाली 15082 गोमती नगर -गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 45 मिनट रोककर चलाई जाएगी। तिरुवनंतपुरम उत्तर से चलने वाली 12512 तिरुवनंतपुरम उत्तर - गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 10 मिनट रोककर चलाई जाएगी। दरभंगा से 28 मई को चलने वाली 02569 दरभंगा नई दिल्ली विशेष गाड़ी दरभंगा से एक घंटा पहले चलेगी। 02563 बरौनी नई दिल्ली विशेष गाड़ी वाराणसी मंडल पर 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

## नगर मुख्य पार्षद सहित कई पार्षदों ने थामा जदयू का दामन

जदयू में शामिल होने वालों में शबनम खातून, अमित त्रिपाठी (वार्ड 13), बदरे आलम, नौशर नजरी (वार्ड 15), मनोवारा खातून (वार्ड 18), अब्दुल गफूर (वार्ड 19), सूफिया खातून (वार्ड 21), दीपक कुमार (वार्ड 2), गजाला मजहर (वार्ड 9), शंभू राम, बदलू कुमार साह, सावित्री कुमारी, रौनक औरा, वसीम खान समेत दर्जनों नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।'मुसलमानों को सिर्फ वोट के समय याद करते हैं'-जदयू के राष्ट्रीय महासचिव गुलाम रसूल बलियावी ने मंच से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मां-बहनों के हक के लिए काम किया है, लेकिन राजद की 'माई बहिन योजना' सिर्फ अपने 'माई' (मां) तक सीमित है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब चुनाव आता है तो मुसलमानों को याद करते हैं, पर असल प्रतिनिधित्व से वंचित रखते हैं।

बलियावी ने तीखे शब्दों में कहा कि अब मुस्लिम समाज समझ गया है कि उसे सिर्फ इस्तेमाल किया जाता है। जब वोट की जरूरत होती है तब 'अब्दुल बारी सिद्दीकी' जैसे नेताओं की जरूरत नहीं पड़ती और जब विपक्ष की बात होती है तब माई याद आती है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए नारा दिया ह्य2025 में विपक्ष फिनिश, फिर से नीतीशह्ण।

उमेश कुशवाहा का लालू परिवार पर हमला- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने भी राजद और लालू प्रसाद यादव के परिवार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून के बाद पार्टी से बाहर जाने वालों के जाने से पार्टी की गंदगी साफ हो गई है। तेजप्रताप यादव से जुड़ी हालिया घटनाओं पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि आज जब तेजप्रताप को लेकर नैतिकता की बात हो रही है, तो पहले जब अपने घर की बहू को निकाला गया था, तब नैतिकता कहां थी? उन्होंने आगे कटाक्ष किया कि माई बहिन योजना की बात करने वालों को पहले अपने घर की माओं-बहनों का सम्मान करना सीखना चाहिए। समाज को छलने का काम अब ज्यादा दिन नहीं चलेगा।

## बिना अनुमति पेड़ों की कटाई के लिए डीडीए अधिकारियों पर जुमार्ना, तीन सदस्यीय समिति गठित

17 नवंबर 1964 को जन्में जस्टिस विनोद कुमार ने नलगोंडा जिले के सूयार्पेट से शुरूआती पढ़ाई की। इसके बाद वे उच्च शिक्षा के लिए हैदराबाद चले गए। उन्होंने ओस्मानिया यूनिवर्सिटी से स्नातक और एलएलबी की पढ़ाई की। साल 1988 में जस्टिस कुमार आंध्र प्रदेश बार काउंसिल में वकील के तौर पर पंजीकृत हुए। साल 2015 में वे आयकर विभाग के स्टैंडिंग काउंसल नियुक्त हुए और साल 2016 में वाणिज्यिक कर के लिए विशेष स्टैंडिंग काउंसल। 26 अगस्त 2019 को उन्हें तेलंगाना उच्च न्यायालय में बतौर जज नियुक्त किया गया।

जस्टिस विनोद कुमार के अलावा कॉलेजियम ने राजस्थान, त्रिपुरा, झारखंड और मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों के ट्रांसफर की भी सिफारिश की। इनमें जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव को राजस्थान से मद्रास उच्च न्यायालय, जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा से तेलंगाना उच्च न्यायालय, जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को झारखंड से त्रिपुरा उच्च न्यायालय, जस्टिस केआर श्रीराम को त्रिपुरा से तेलंगाना उच्च न्यायालय भेजा गया है।

# डीपीएस जूनियर पब्लिक स्कूल में हुआ समर कैंप का शुभारंभ

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बागपत। गर्मियों की छुट्टियो को सार्थक बनाने व बच्चों को रचनात्मक गतिविधियो में शामिल करने के उद्देश्य से डी पी एस जूनियर पब्लिक स्कूल बागपत में छ दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया।

इसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कैंप का मुख्य उददेश्य बच्चों में उनकी छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें नई चीजे सिखाने का अवसर प्रदान करना था। कैंप में कई तरह की गतिविधियों को शामिल किया गया, जिसमे कला, शिल्प, नृत्य, खेलकूद, मैटल मैथ्स, व्यक्तिगत विकास, कुकिंग व टैलेंट शो प्रमुख थे। स्कूल की प्रधानाचार्या नुपुर शर्मा ने बताया कि यह कैंप बच्चों के सर्वागिण विकास पर केंद्रित है। उन्होने कहा कि हमारा लक्ष्य बच्चो को केवल शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाना नहीं है, बल्कि उन्हें एक संतुलित और खुशहाल व्यक्ति के रूप में विकसित करना भी है। स्कूल के प्रबंधक नितिन कुमार मानव ने बताया कि समर कैंप से बच्चों का आत्मविश्वास बढता है और छुटटियो का रचनात्मक उपयोग होता है। इस कार्यक्रम के आयोजन में रुचि, पारुल, पूनम, रूपाली, आंकाशा, कविता, सुरभि, चंचल, मनीषा, अनिता, ज्योति, शगुन, सोनिया, सोनाली, शिवानी, अनामिका, शादमणि, सोनम, भावना, शैली आदि का योगदान रहा।



# नेहरू युवा केंद्र कार्यालय पर युवा अधिकारी योगेश कुमार से मिले जर्नलिस्ट सुरेंद्र मलानिया - युवाओं के मुद्दों पर हुई गहन चर्चा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



**बागपत।** चमरावल रोड स्थितजिले में युवाओं के भविष्य, उनकी ऊर्जा और सामाजिक भागीदारी को लेकर सतत प्रयासरत नेहरू युवा केंद्र, बागपत के कार्यालय में आज एक विशेष मुलाकात हुई। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र मलानिया ने युवा अधिकारी योगेश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं रही, बल्कि युवाओं के भविष्य, उनके सामने आ रही चुनौतियों और समाधान के पहलुओं पर एक सार्थक चर्चा में बदल गई।

इस संवाद के दौरान युवाओं की बेरोजगारी, खेलों में भागीदारी, ग्रामीण क्षेत्र के युवा वर्ग की चुनौतियाँ, नशा मुक्ति अभियान, स्वैच्छिक संगठन निर्माण, और सरकारी योजनाओं की पहुंच जैसे तमाम ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से बातचीत हुई।

योगेश कुमार ने कहा– युवाओं को केवल शिकायत नहीं, समाधान की सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। नेहरू युवा केंद्र उनके लिए एक मजबूत मंच है जहाँ से वे राष्ट्र निर्माण की दिशा में सशक्त कदम उठा सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा समय-समय पर युवा नेतृत्व शिविर, स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान, नशा मुक्ति अभियान, और पथ प्रदर्शन रैली जैसे अनेक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# चीनी मिल संघ के निदेशक बनने पर कृष्णपाल सिंह का हुआ भव्य स्वागत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत। उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ में निदेशक पद पर निर्वाचित होने के बाद बागपत पहुंचे कृष्णपाल सिंह का भव्य स्वागत किया गया।

गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में उनका ढोल नगाड़ो के साथ और फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल सिंह को उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ में निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद प्रथम बार बागपत आगमन पर बुधवार को गेटवे स्कूल में राजपूत विकास समिति के अध्यक्ष सुनील चौहान प्रधान व गेटवे स्कूल के प्रधानाचार्य अमित चौहान के नेतृत्व में ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया गया। गणमान्य लोगों द्वारा उन्हें मालाएं पहनाकर, बुग्गे देकर व पगड़ी पहनाकर बधाई दी और तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा उनका तिलक कर स्वागत किया गया और बधाई दी। इस दौरान अपनी नियुक्ति पर कृष्णपाल सिंह ने कहा कि उ प्र चीनी मिल संघ के द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हे सौंपी गई है वह इसे बखूबी निभाएंगे। किसानों व शुगर मिल के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर श्री चौहान अध्यक्ष एसपीआरसी लॉ कॉलेज, भाजपा नेता भूपेंद्र चौहान, चौधरी प्रेमपाल सिंह, भाजपा युवा नेता मोहित चौहान, संजय शर्मा, अजय राणा, प्रतिभा राज, मनोरमा व समस्त स्टॉफ तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# 359वां उर्स मेला मुरादनगर में शुरू, हिंदू अध्यक्ष की परंपरा बनी सौहार्द की मिसाल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**
मुरादनगर। हजरत मोहम्मद मुराद गाजी की याद में आयोजित 359वां उर्स मेला मुरादनगर के ईदगाह रोड स्थित मेला मैदान में शुरू हो गया है। मेले का उद्घाटन पूर्व विधायक वहाब चौधरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में, स्थानीय नागरिक और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मेला कमेटी के अध्यक्ष अमित नेहरा ने बताया कि यह मेला वर्षों से हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बना हुआ है। इसकी अनोखी परंपरा है कि आरंभ से ही मेला कमेटी का अध्यक्ष हिंदू समुदाय से चुना जाता है।



कमेटी के संरक्षक पंडित विनोद मिश्रा ने कहा कि मुरादनगर का उर्स मेला सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने बताया कि मेले में देशभर के नामचीन कव्वाल सूफियाना कलाम पेश करेंगे। साथ ही, बच्चों और परिवारों के लिए हिंडोले, सर्कस और झूले लगाए गए हैं।

मेले में पारंपरिक व्यंजन भी विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। हलवा, पराठा और नानखटाई के स्टॉल पर भारी भीड़ देखी गई। इसके अतिरिक्त, बच्चों के लिए खिलौनों और मनोरंजक खेलों की दुकानें भी सजाई गई हैं।

# टटीरी में बिना सर्विस रोड़ के फ्लाई ओवर बनाने का व्यापारियो ने किया विरोध

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**
बागपत। व्यापारी संघ अग्रवाल मंडी टटीरी के व्यापारियों ने बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान को एक ज्ञापन सोपा और टटीरी में एनएच 334 बी पर बिना सर्विस रोड़ छोड़े रेलवे विभाग द्वारा बनाए जा रहे फ्लाई ओवर का कड़ा विरोध किया।

व्यापारी संघ अग्रवाल मंडी टटीरी के अध्यक्ष अंकुर शर्मा ने कहा कि टटीरी में एनएच 334 बी नेशनल हाइवे पर रेलवे विभाग द्वारा फ्लाई ओवर बनाने का काम किया रहा है, जिसमें कार्यदायी संस्था द्वारा कस्बे व मंडी बाजार में आने-जाने के लिए किसी भी प्रकार की सर्विस रोड का प्रावधान नहीं किया गया है। पहले भी वह इस विषय में बागपत सांसद को अवगत करा चुके है, परन्तु कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। मंडी बाजार में आने-जाने के लिए मार्ग अवरुद्ध हो गया है, जिससे व्यापारियों को अपना सामान लाने व ले जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है, जिससे समस्त व्यापारियों के व्यापार को प्रतिदिन भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यहां पर व्यापार बिल्कुल खत्म हो गया है। उन्होंने बागपत सांसद राजकुमार सांगवान से कहा कि वह उपरोक्त कार्यदायी संस्था को निर्देशत करके यहां आने-जाने के लिए सर्विस रोड का प्रावधान कराये, ताकि व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। इस मौके पर व्यापार संघ के सदस्य आशु गर्ग राजीव गोयल सचिन मित्तल राजकुमार गोयल अनिल गोयल सुमित जैन राजेश कुमार दिनेश मित्तल सोनू मित्तल एवं सभी व्यापारीगण मौजूद थे।



# टीएचए में 95 करोड़ से होगा विकास अकेले इंदिरापुरम पर खर्च होंगे 85 करोड़

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद । इंदिरापुरम हस्तांतरण के बाद नगर निगम की ओर से यहां विकास कार्यों के लिए 85 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया। मंगलवार को महापौर सुनीता दयाल इंदिरापुरम पहुंचीं और विकास कार्यों का शिलान्यास किया। पूरे टीएचए में कुल 95 करोड़ से विकास कार्य कराए जाएंगे, जिसमें इंदिरापुरम में 85 और वसुंधरा जोन में 10 करोड़ से काम होगा।

महापौर ने इस दौरान कहा कि इंदिरापुरम अब उपेक्षा का नहीं, उन्नति का प्रतीक बनेगा। क्षेत्र की जर्जर सड़कों, जाम से भरे नालों और अधूरी सुविधाओं की समस्याओं को देखते हुए क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई। अब यहां सड़क और नाला निर्माण से स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी। इस बजट में 13 नई सड़कें, 7 से अधिक आरसीसी नाले बनाए जाएंगे। महापौर ने कहा कि यह बजट 15वें वित्त आयोग से प्राप्त हुआ है। इंदिरापुरम के बाद महापौर वसुंधरा, बृजविहार एवं अप्सरा बॉर्डर पर भी विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान अलग-अलग मंच से महापौर ने लोगों से बांग्लादेशियों को भीख न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लगातार बांग्लादेशियों के क्षेत्रों को चिह्नित कर रही है, ताकि देश को सुरक्षित कर सके। इस अवसर पर नगर निगम के वरिष्ठ अभियंता, क्षेत्रीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पार्षद धीरज अग्रवाल, प्रीति जैन, हरीश कराकोटी, डॉ. अनिल तोमर, अनुज त्यागी, हिमांशु चौधरी, कल्लन के साथ-साथ अधिशासी अभियंता देशराज सिंह, सहायक अभियंता श्याम सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इंदिरापुरम को नगर निगम में शामिल किए जाने के बाद यह पहली बार है जब इतनी बड़ी राशि यहां के विकास के लिए आवंटित की गई है।

# भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने किया संगठन का विस्तार, युवा नेतृत्व को मिली जिम्मेदारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**
मुरादनगर। भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने मुरादनगर में आयोजित एक बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए युवा चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी। आकाश त्यागी को युवा जिला अध्यक्ष, कन्हैया त्यागी को युवा जिला महासचिव और इरफान ठेकेदार को युवा जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे युवा मुख्य राष्ट्रीय महासचिव विनीत त्यागी ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा देगा और किसान हितों की आवाज को और प्रभावशाली तरीके से उठाएगा। नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे किसान हितों की आवाज को हर मंच तक पहुंचाएंगे और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करेंगे।

इस अवसर पर गौरव त्यागी, दुष्यंत त्यागी, फिरोज खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सीडीएस पब्लिक स्कूल में लगाया गया निशुल्क चिकित्सा शिविर



**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**
बागपत। किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर रालोद के जिला महासचिव संत कुमार धामा के द्वारा सीडीएस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी में रामा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क चिकित्सा शिविर लगवाया गया। इस चिकित्सा शिविर में सैकड़ो मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। उनके बीपी व शुगर की जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क दवाईयो का वितरण किया गया। इस मौके पर संत कुमार धामा, डॉक्टर मुकुल, डॉक्टर नेहा, रूप एवं हॉस्पिटल का अन्य स्टाफ तथा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# टीएचए में एसीपी कार्यालय से लेकर थाने तक की छतें टपक रहीं, पुलिस परेशान

गाजियाबाद। लोनी के अंकुर विहार के एसीपी कार्यालय की छत गिरने से हुई दारोगा की मौत के बाद अन्य थाने व चौकी में बैठने वाले पुलिसकर्मी भी डरे हुए हैं। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था संभालने वाले पुलिस थानों और चौकियों को मरम्मत की जरूरत है। शालीमार गार्डन एसीपी कार्यालय समेत कई थानों और चौकियों की छतों से बरसात में पानी टपकना आम है। इससे पुलिस जवानों की जान को तो खतरा है ही, इसके अलावा दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी नुकसान हो रहा है। कुछ जगह जर्जर हालत वाले कमरों में एहतियातन काम होना भी बंद करा दिया गया है।

# पांच जून से होंगी यूपी पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षाएं

गाजियाबाद। यूपी पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षाएं पांच जून से शुरू होंगी और 12 जून तक चलेंगी। 13 से 15 जून तक प्रश्न उत्तर विकल्प व उत्तर कुंजी मिलान व आपत्तियों को प्राप्त कर उनमें सुधार किया जाएगा। इसके बाद 21 जून को परिणाम घोषित किया जाएगा और मेरिट के आधार पर दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. जानबेग लोनी ने बताया कि श्रेणी अ, इ, उ, ऊ ए1, ए2, ऋ ॠ ऌ, क ङ, छ की परीक्षा पांच जून से शुरू होंगी। सात जून को राजपत्रित और 13 जून को आरक्षित दिवस का अवकाश है। उधर, परीक्षा की तारीख घोषित होने के बाद छात्रों ने भी अपनी तैयारी तेज कर दी है। हालांकि, अभी एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया है। जल्द ही एडमिट कार्ड जारी होने की बात अधिकारिक स्तर पर कही जा रही है।

# फाइनेंस कंपनी की कर्ज.वसूली से प्रताड़ित, महिला ने दबाव के चलते किया आत्महत्या का प्रयास

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**
मोदीनगर क्षेत्र के बेगमाबाद निवासी बिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रेषित एक पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी की महिला कर्मचारी एवं उसके सहयोगी ने उनकी पत्नी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, जिसके चलते उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला ने एक वर्ष पूर्व महिला स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत फाइनेंस कंपनी से लगभग 65000/- का ऋण लिया था, जिसकी किस्तें वह नियमित रूप से चुका रही थीं। कुछ माह पूर्व बीमारी के कारण उनके उपचार पर भारी खर्च हुआ, जिससे वे कुछ समय के लिए किस्त चुकाने में असमर्थ रहीं।

पीड़िता के पति आरोप का है कि मंगलवार को फाइनेंस कंपनी की कर्मचारी दीपाली एक युवक के साथ महिला के घर पहुंची और वसूली के लिए कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा गाली-गलौच करते हुए धमकी दी कि यदि रकम नहीं चुकाई गई, तो घर का सामान जब्त कर लिया जाएगा। पीड़िता द्वारा कुछ समय की मांग करने पर भी दोनों व्यक्ति अड़े रहे और कथित रूप से हाथापाई तक की।

पीड़िता के पति के अनुसार, इस मानसिक तनाव से परेशान होकर महिला ने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। उन्हें तुरंत हरदेव अस्पताल, ले जाया गया, जहां वे फिलहाल आईसीयू में भर्ती हैं।

परिजनों ने जनसुनवाई पोर्टल पर मुख्यमंत्री से मांग की है कि फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और इस तरह की अवैध उधारी वसूली के धंधे पर रोक लगाई जाए, जो गरीब और जरूरतमंद लोगों का शोषण कर रहे हैं।

# जिले भर में मनायी गयी पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**
ललितपुर। आधुनिक भारत के निमार्ता, आजाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे स्व.पं.जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर उ.प्र.कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव/पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र/ पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने कहा कि स्व.पं.नेहरू ने स्वतंत्रता की लड़ाई में सबसे अधिक समय जेल में बिताया और 196 करोड़ की सम्पत्ति भारत को समर्पित कर दी। जिस भारत में सुई का निर्माण नहीं होता था, वहां आईआईटी, एम्स, हवाई जहाज, बांधों का निर्माण स्टील कारखानों का निर्माण, इसरो आदि का निर्माण कराकर आधुनिक भारत की नींव रखी। वहीं दूसरी ओर चांदमारी स्थित बुन्देला निवास पर महिला कांग्रेस महासचिव शोभाराजा के आतिथ्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आजादी से अभी तक जितना विकास कार्य नेहरूजी ने और कांग्रेस ने किया है, वह कोई भी नहीं कर सकता। नेहरूजी ने अपने आधुनिक विचारों से विकास की नींव रखी। अध्यक्षता करते हुये पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को नेहरू जी के बताये सिद्धांतों पर चलने की आवश्यकता है। इस दौरान ममता अहिरवार, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, संजीव चौरसिया, रफीक अली, पवन विश्वकर्मा, खलक सिंह, मोहन सिंह, यशवीर सिंह, रामनरेश दुबे, लखन सिंह, संजीव अहिरवार, माखन लाल, मुकेश रजक, पुनीत देवलिया, असलम खां आदि मौजूद रहे। इधर महरौनी में पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस दौरान पीसीसी आशाराम तिवारी ने कहा कि एक धनाड्य परिवार से आने वाले नेहरूजी ने पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया। उन्होंने अंग्रेजों के जुल्म सहते हुये 10 वर्षों से अधिक समय तक जेल में रहे और स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। इस दौरान मुकुट बिहारी रिछारिया, ने कहा कि नेहरूजी का समय स्वर्णकाल था और बहुत ईमानदारी थी। इस दौरान रतीराम कुशवाहा एड., सूर्यप्रताप सिंह जमींदार, राकेश सेन, जाहिर सिंह, हलकरन चंचल, दयाशंकर रजक, मुनीर बक्स, कमलेश श्रीवास्तव, कमली सिंह, अभिषेक सिंघई, राकेश जैन, रवि राजा आदि मौजूद रहे।



# संपादकीय

## नाकामी की सजा पूरे परिवार को क्यों

हरियाणा के पंचकूला में उत्तराखंड से आए एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या ने हर संवेदनशील व्यक्ति को गहरे तक झकझोर कर रख दिया। एक कार में नाकाम बेटे ने मां-बाप,पत्नी, दो किशोर बेटियों व एक बेटे के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पूरे परिवार के खत्म होने के बाद कुछ समय के लिए जीवित बचे व्यक्ति ने चश्मदीद को बताया कि वह कर्ज में डूब गया था, कोई रास्ता नजर न आता देख सामूहिक आत्महत्या का निर्णय लिया। पुलिस के पहुंचने व चिकित्सीय प्रयासों के बावजूद परिवार में किसी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। निश्चय ही यह दुखद घटना हर इंसान को उद्वेलित करती है। लेकिन यह भयावह घटना तमाम सवालों को जन्म देती है। आखिर इंसान कैसे सोच लेता है कि आत्महत्या कर लेना संकट का अंतिम समाधान है? जब व्यक्ति में जोखिम से उपजे संकट से जूझने का सामर्थ्य नहीं है तो भारी कर्जा उठाना कितना तार्किक है? महत्वपूर्ण सवाल यह भी कर्ज से हारे व्यक्ति को ये अधिकार किसने दे दिया कि वो अपने साथ दो पीढ़ियों को सदा के लिये खत्म कर दे? कैसे कोई व्यक्ति अपनी नाकामी की सजा मां-बाप, पत्नी व बच्चों को दे सकता है? यह कल्पना करनी भी भयावह है कि अपना अधिकांश जीवन जी चुके मां-बाप, तीन बच्चों को जन्म देने वाली मां तथा सुखी भविष्य की कल्पना के साथ जीवन की पारी की शुरूआत करने वाले बच्चों ने जहर खाना सहज स्वीकारा होगा। यदि उन्हें यह जहर बिना बताए भी दिया गया होगा तो भी जहर की पीड़ा ने उन्हें तड़फाया भी होगा। अकसर ऐसे मामलों में पूरे परिवार को मौत की राह में ले जाने वाले आत्मघाती व्यक्ति के मन में यह भय भी होता है कि उसके जाने के बाद उसके परिवार का क्या होगा? कहीं उसके लिये कर्ज की सजा परिवार को तो नहीं मिलेगी?

निस्संदेह, एक परिवार का यूं जहर खाकर आत्महत्या करना हमारी सामाजिक व्यवस्था में आई विद्रूपताओं की ओर इशारा करता है। जिस भी बैंक या व्यक्ति से आत्महत्या करने वाले परिवार के मुखिया ने कर्ज लिया था, निश्चय ही वहां से उसे किसी भी तरह की राहत की उम्मीद नजर नहीं आई होगी। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उसे अपने मित्रों व रिश्तेदारों से भी किसी राहत की उम्मीद नहीं थी? कहा जाता है कि पड़ोसी व मित्र ही संकट के समय में मददगार होते हैं। तो क्या माना जाना चाहिए कि आज हमारे रिश्ते महज दिखावे के रह गए हैं? आखिर विवाह समारोह समेत तमाम अवसरों पर जुटने वाली लोगों की भीड़ केवल महज खाने-पीने तक की ही दोस्त होती है? क्या नैतिक दायित्व नहीं बनता कि संकट में फंसे व्यक्ति के नाते रिश्तेदार या मित्र मदद करें? बहरहाल, गत सोमवार को घटी घटना के सभी तथ्य सामने आने में अभी वक्त लगेगा और घटनाक्रम से जुड़ी अन्य जानकारियां भी सामने आएंगी। लेकिन यह एक हकीकत है कि एक कर्ज से हारा हंसता-खेलता परिवार हमेशा-हमेशा के लिये चिरनिद्रा में सो गया है। लेकिन यह दुखांत हमें कई सबक दे गया है। पहला तो यही कि हमें कर्ज उसी सीमा तक लेना चाहिए, जिस सीमा तक हम चुकाने की सामर्थ्य रख सकें। कोई भी जोखिम यदि हम व्यापार में उठाएं तो उसके तमाम नकारात्मक पहलुओं पर जरूरी विचार करें। उसके बुरे से बुरे परिणाम के बारे में आकलन करें। दूसरा सबक यह है कि हमारे सामने संकट कितना भी बड़ा क्यों न हो, हमें हार नहीं माननी चाहिए। यह भी कि खुद व परिवार को मौत के मुंह में धकेलना किसी समस्या का समाधान नहीं है। आज की पीढ़ी जल्दी मोटा मुनाफा कमाने की होड़ में बड़े कर्ज लेकर दांव तो खेलती है,लेकिन जरूरी नहीं हर जोखिम लाभदायक ही साबित हो। हमें अपनी सामर्थ्य और देशकाल परिस्थितियों का पूरा आकलन करके ही कदम उठाना चाहिए। यह भी हकीकत है कि नई पीढ़ी में वह धैर्य व संयम धीरे-धीरे कम होता जा रहा है, जो हमें संकट से जूझने का सामर्थ्य देता था। कभी संयुक्त परिवार हमें ऐसे संकट से निबटने की ताकत ही नहीं देते थे, बुरे वक्त में मदद भी करते थे। हमें ऐसे तमाम पहलुओं पर विचार जरूर करना चाहिए।

# मैं बागपत हूँ - खंड 16ः दोघट - इतिहास की मूक प्रतिध्वनि



: सुरेंद्र मलानिया, नेशनल प्रेस टाइम्स

मैं बागपत हूँ..

आज मैं आपको अपने उस गांव की मिट्टी से मिलवाने जा रहा हूँ, जिसकी खुशबू इतिहास की सबसे बड़ी क्रांति से भी जुड़ी है, और जिसकी हवाओं में आज भी उन किसानों की साँसें गूंजती हैं जिन्होंने तानाशाही के खिलाफ सिर उठाया था - मैं दोघट हूँ..

प्रिय पाठकों,

जब मैंने पहली बार कलम उठाई थी, तब बागपत के इतिहास, संस्कृति और आत्मा को शब्दों में पिरोने की हिम्मत नहीं थी – पर आप सबके बेहद प्रेम, स्नेहिल प्रतिक्रिया, और अपनों जैसे अपनत्व ने मेरी लेखनी को धड़कनों से जोड़ दिया है।

मैं बागपत हूँ अब केवल लेखमाला नहीं रही – यह एक सांस्कृतिक यात्रा, संवेदनाओं की नदी, और हमारे पुरखों की पुकार बन चुकी है। इस श्रृंखला की 16वीं कड़ी तक पहुंचना मेरे लिए एक भावनात्मक तीर्थयात्रा जैसा रहा है। मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ नेशनल प्रेस टाइम्स का, जिन्होंने इस लेखमाला को आवाज दी, मंच दिया और जन-जन तक पहुंचाया। और आप सबका - जिन्होंने हर खंड को अपने घर की कहानी जैसा प्यार दिया।

**खंड 1 से 15 तक संक्षिप्त यात्राः** खंड 1 - बरनावा जहां लाक्षागृह की गाथा आज भी जलती है, इतिहास की मशाल लेकर।

खंड 2 - सिनौली जहां खुदाई ने महाभारत काल की रथ-यात्रा को जीवित कर दिया। खंड 3 - अमीननगर सराय मुगलकाल के व्यापारिक व सांस्कृतिक केंद्र की गौरवगाथा।खंड 4 - माया त्यागी कांड

एक महिला के साथ हुए अन्याय के विरुद्ध उठी आवाज, जिसने देश को झकझोर दिया।-खंड 5 - चौधरी चरण सिंह और बागपत एक किसान पुत्र से प्रधानमंत्री बनने की प्रेरणास्पद यात्रा। खंड 6 - बसौद 1857 की क्रांति में रसद का गढ़, जहां से उठी थी -दिल्ली चलो- की हुंकार। खंड 7 - बिजरौल जहां बाबा शाहमल के नाम से कांपते थे फिरंगी। खंड 8 - बागपत एक




महागाथा – इतिहास, संस्कृति और आधुनिकता का संगम। खंड 9 - मलकपुर जहां के पहलवानों ने अखाड़ों में भारत का नाम रौशन किया। खंड 10 - जौहड़ी जहां 60 पार की महिलाओं ने शूटिंग शुरू की और देश को नई प्रेरणा दी।-खंड 11 - कोताना 1857 में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल, जहां से मुशर्रफ का पैतृक नाता भी जुड़ा।-खंड 12 - तिलवाड़ाजहां खुदाई में मिले महाभारतकालीन अवशेष, और ग्रामीणों की एकता ने इतिहास रचा।-खंड 13 - खेकड़ाजहां हथकरघे की टकटक से जीवित थी कारीगरी और आत्मनिर्भरता।-खंड 14 - बिनौली महाभारत काल में अग्रणी रहा एक गांव, जो आज भी वीरगाथाओं से भरा है।-खंड 15 - टयौढी

जहां गंगा विशन जैसे जांबाज और श्रीचंद ह्यरावणह्ल जैसे जनकवि ने जन्म लिया, जिन्होंने शौर्य और सामाजिक चेतना का उजियारा फैलाया।

मैं बागपत हूँ - खंड 16ः दोघट - इतिहास की मूक प्रतिध्वनि 1857ः जब दोघट जागा था चुपचाप 1857 का साल हिंदुस्तान की रगों में उबाल लेकर आया। मेरठ से उठी चिंगारी दिल्ली की ओर बढ़ी, लेकिन रास्ता दोघट की धूल भरी गलियों से होकर भी गया। इतिहास भले ही दोघट का नाम नहीं पुकारता, पर इसकी मिट्टी ने क्रांति का बोझ अपने कंधों पर उठाया था। यह गांव उन अनगिनत गुप्त ठिकानों में से एक बना, जहाँ क्रांतिकारियों को शरण, भोजन और रास्ता मिला। यहां के चौधरी, ठाकुर और जाट परिवारों ने अपने घरों को आश्रय बनाया और अंग्रेजी गश्त के सामने चुप्पी ओढ़ ली। उन्होंने कोई पदक नहीं मांगा, कोई दस्तावेज नहीं रखा, बस पीढ़ियों से एक कहानी सुनाते चले गए - - हमारे दादा ने क्रांतिकारी को अपने घर छिपाया था- यही गर्व दोघट की असली धरोहर है।-प्राचीनता के पदचिह्नः मंदिर, हवेलियाँ और लोकगाथाएँ-दोघट के दिल में बसे प्राचीन शिव मंदिर और काली माता मंदिर न सिर्फ आस्था के प्रतीक हैं, बल्कि यह गांव की जीवित विरासत भी हैं। इन मंदिरों की दीवारों पर समय की धूल जमी है, मगर उनमें आज भी श्रद्धा की गूंज है।-यहां की कुछ पुरानी हवेलियाँ - जिनकी लकड़ी की नक्काशी चुपचाप बीते युग की गवाही देती है - आज भी खड़ी हैं। चौपालें अब भी बुजुर्गों के किस्सों से गुलजार हैं, जिनमें 1857 के गुप्त संदेश, भगोड़े सिपाहियों की रातभर की छांव और फौज से टकराने की दबी कहानियाँ सुनाई देती हैं।-खेतों में बिखरे हैं इतिहास के टुकड़े-दोघट की जमीन पर जब हल चलती है, तो कभी-कभी अतीत का कोई टुकड़ा ऊपर आ जाता है - कोई सिक्का, कोई टूटे बर्तन का टुकड़ा, कोई लोहे का औजार। यह गांव खुद एक अनखुली खुदाई की तरह है, जिसके नीचे इतिहास साँस ले रहा है।-लोकगीतों में वीरता की गूंज-आज भी दोघट की स्त्रियाँ जब -पंथ- गाती हैं, तो लगता है जैसे कोई बूढ़ा इतिहास फिर से जाग उठा हो। गीतों में वीरता, बलिदान, और साहस की कहानियाँ होती हैं, जिनमें -गोरों से लड़ते जवानों की छाया- झलकती है। यही हमारी असली किताबें हैं, यही हमारी असली गाथाएं हैं।-आज का दोघटः चेतना की नई लौ-आज का दोघट सिर्फ अतीत में नहीं जीता। यह गांव कृषि, शिक्षा, और तकनीक के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। लेकिन यह आगे बढ़ना, अपनी जड़ों को साथ लेकर हो रहा है। यहां की नई पीढ़ी जब इतिहास सुनती है, तो गर्व से सिर ऊंचा करती है। यही दोघट की असली ताकत है - अपने बीते कल पर विश्वास और आने वाले कल के प्रति जागरूकता।-मैं बागपत हूँ-मैंने बहुत कुछ देखा है। विद्रोह की आग, शौर्य की धड़कन, और चुपचाप खून बहाते क्रांतिकारी गांव। दोघट मेरे उन गांवों में से एक है जो इतिहास में दर्ज नहीं, मगर दिलों में खुदा हुआ है। जब भी कोई पूछे - - 1857 में बागपत कहाँ था?-

तो मेरा जवाब होगा -

-जहाँ दोघट था, वहीं क्रांति की मूक प्रतिध्वनि थी-

# ऑपरेशन सिंदूर के निष्कर्षों से सीखें सबक

हालांकि एस-400 सरफेस टू एयर मिसाइल (सैम) प्रणाली ने मुख्यतः मीडिया की सुर्खियां बटोरी हैं, लेकिन यह स्वदेशी राडार, सरफेस टू एयर मिसाइलें और काउंटर मानवरहित हवाई प्रणाली, जिनसे हमारी जमीनी वायु रक्षा की रीढ़ बनी है, इसकी बढ़िया कारगुजारी ने स्वदेशी हथियारों का महत्व उजागर किया है।

ऑपरेशन सिंदूर का अचानक यूं खत्म होना एकदम अप्रत्याशित था ह्यवास्तव में, यह किसी परीक्षा-पत्र में ह्यपाठ्यक्रम से इतरह्ल आए सवाल की तरह रहा! हालांकि, अच्छा हुआ कि पूर्ण पैमाने का युद्ध टल गया और उम्मीद करें कि संघर्ष विराम का आगे उल्लंघन नहीं होगा। भले ही सशस्त्र बल हमारी सीमाओं पर सतर्क नजर रखे हुए हों, तथापि कुछ निष्कर्ष ऐसे हैं जो समीक्षा के रूप में निकाले जा सकते हैं।

सर्वप्रथम, मौजूदा सेना के रिवायती त्रि-सेवा तंत्र ने रणभूमि कमान के बिना भी काम कर दिखाया है। इसलिए, 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए नरसंहार और 7 मई को आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने के बाद तीन दिन चले हमलों की शुरूआत होने के बीच की अवधि में थल और वायुसेना ने बड़ी विशेषज्ञता से संयुक्त योजना की रूपरेखा तय कर इनके परिणाम दिए। पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों के हमले निरंतर, तीव्र और सघन थे और हमारी प्रतिक्रियाएं भी समान रहीं, लगभग सभी पाकिस्तानी प्रक्षेपास्त्र (यूएवी, मिसाइल, सशस्त्र और बिना हथियार वाले ड्रोन) सफलतापूर्वक गिरा लिए गए, इसका श्रेय भारतीय वायुसेना के स्वदेश विकसित एकीकृत वायु कमान एवं नियंत्रण प्रणाली (आईएसीसीएस) को जाता है, जो सभी सैन्य और नागरिक राडार जनित समग्र सूचना को एकीकृत स्क्रीन पर संश्लेषित कर दिखा देता है। यह प्रणाली लक्ष्यों से पैदा होने वाले खतरों का इलेक्ट्रॉनिक आकलन करके, युद्ध नियंत्रक द्वारा प्राथमिकता के आधार पर जो भी हथियार प्रणाली सबसे उपयुक्त हो, उसका इस्तेमाल कार्रवाई करने का आदेश देती है।

दूसरा, चार दिनों तक चले आपसी टकराव मुख्यतः पूरी तरह से न सही, हवाई माध्यम से चोट पहुंचाने वाले रहे। यह टकराव एक ऐसे सघन वायु रक्षा प्रणाली से लैस इलाके में हुए, जहां दोनों पक्ष वार-प्रतिवार की हवाई लड़ाई लड़ रहे थे, यह स्थिति इराक, अफगानिस्तान और सीरिया में पश्चिमी ताकतों द्वारा और गाजा एवं लेबनान पर इस्राइलियों द्वारा की गई हवाई बमबारी से उलट थी, जहां उन्हें अपने अभियानों में विरोधियों के हवाई हमला निरोधक उपायों का सामना नहीं करना पड़ता। स्वाभाविक है युद्ध में नुकसान भी होता है और यह संघर्ष की एक अनन्य प्रकृति है कि आक्रामक पक्ष को कुछ नुकसान झेलना ही पड़ता है, निश्चित रूप से भारतीय वायुसेना इसका भी आलोचनात्मक विश्लेषण करेगी।

अब उपलब्ध फोटोग्राफिक साक्ष्यों से पता चलता है कि भारत के यूएवी और मिसाइलों के हमले बहुत प्रभावी रहे, और यह तथ्य है कि पाकिस्तान भर में फैले उसके ग्यारह फ्रंटलाइन एयरबेसों पर भारतीय वायुसेना ने करारी चोट की है और यह हमारी पहुंच और हथियारों की प्रभावशीलता का प्रमाण है। हालांकि, भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रनों की घटती संख्या और वायु-शक्ति के बारे में काफी खबरें आती रही हैं और चूंकि हमारी सीमाएं आगे भी सक्रिय रहेंगी, इसलिए भारतीय वायुसेना की प्रहारक क्षमता बनाए रखने पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। हथियार प्रणाली, एन्क्रिप्टेड संचार और प्रहारक क्षमता जैसे कि एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम, एरियल फ्लाइट रिफ्यूलर और अत्याधुनिक अस्त्रास्त्र जैसी प्रणालियों की जरूतों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। अंतिम विश्लेषण में यह याद रखना चाहिए कि यह एक अन्य उदाहरण रहा, जब वायु शक्ति की प्रभावशीलता ने शांति स्थापना की दिशा में राजनीतिक और कूटनीतिक वार्ता की राह प्रशस्त की।

तीसरा, हालांकि एस-400 सरफेस टू एयर मिसाइल (सैम) प्रणाली ने मुख्यतः मीडिया की सुर्खियां बटोरी हैं, लेकिन यह स्वदेशी राडार, सरफेस टू एयर मिसाइलें और काउंटर मानवरहित हवाई प्रणाली, जिनसे हमारी जमीनी वायु रक्षा की रीढ़ बनी है, इसकी बढ़िया कारगुजारी ने स्वदेशी हथियारों का महत्व उजागर किया है। गौरतलब है कि यह क्षमता डीआरडीओ और निजी क्षेत्र के सम्मिलित उद्यम से बनी है और वास्तव में यह बहुत उत्साहजनक है। ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम की प्रचुर उपलब्धता रहने के पीछे क्षेत्रीय कमानों के वाइस चीफ और कमांडर-इन-चीफ को दी गई आपातकालीन शक्तियों का परिणाम भी हो सकता है। वहीं भारतीय वायुसेना द्वारा डिजाइन की गई कम दूरी की एंटी-एयरक्राफ्ट प्रणाली, सरफेस-टू-एयर मिसाइल फॉर एश्योर्ड रिटेलिएशन (एसएएमएआर) के रूप में अपने ही संस्थानों में विकसित किए स्वदेशी अस्त्र बहुत काम आए। यह एसएएमएआर हमने सरफेस-टू-एयर मिसाइल के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली रूस निर्मित आर-73 और आर-27 एयर टू एयर मिसाइलों का नवीनीकरण करके पाया है ।

# लाइब्रेरी का हुआ निरीक्षण ज्वाईंट मजिस्ट्रेट ने छात्रों से किया संवाद

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

बाराबंकी। जवाईंट आई ए एस तेजस कृष्ण प्रसाद ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव एव पंचायत भवन मे संचालित लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, ओपीडी रजिस्टर और दवा स्टॉक देखा वही लाइब्रेरी मे पढ़ने वाले छात्रों से संवाद किया। उन्होंने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मो0 आफताब अंसारी के साथ इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, कोल्ड कक्ष,औषधि वितरण कक्ष, स्टोर रूम आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। इसमें सीएचसी पर सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध मिलीं। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार को निर्देश दिया कि बाहर की दवा नहीं लिखी जानी चाहिए। इसके उपरांत पंचायत भवन बड़ागांव मे हो रहे टीकाकरण कार्य को देखा तथा ए एन एम लक्ष्मी देवी, आशा बहू, रेशमा यादव, आंगनवाड़ी सुमन गुप्ता, सरोज गुप्ता से



टीकाकरण के सम्बंध मे जानकारी लेते हुए वैक्सीन का जायजा लिया तथा स्वय अपनी बीपी चेक करवाई।

**लाइब्रेरी मे को देख गदगद हुए आई ए एस बच्चो से किया संवाद :**

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने पंचायत भवन मे संचालित निशुल्क लाइब्रेरी का संचालन देख काफी खुश नजर आये और लाइब्रेरी मे कम्पटीशन की तैयारी कर करीब डेढ़ दर्जन बच्चो से तैयारी के बारे मे जानकारी ली उन्होंने पंचायत भवन के सभागार आंगनवाड़ी केंद्र एव सरकार की योजनाओं की वाल पेंटिंग की तारीफ की। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा0 संजीव कुमार, डा0 जाकिर हुसैन, डा0 बी के मौर्य, डा0 हारून रशीद अतीकी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आशाराम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, उमंग, पंकज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# जिले में चार केंद्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

## 1910 परीक्षार्थी परीक्षा में होंगे सम्मिलित

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

अमेठी। जिले में बीएड प्रवेश परीक्षा आगामी रविवार को चार केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा में 1910 परीक्षाथीर्यों के सम्मिलित होने की संभावना है।



परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रत्येक दो केंद्र पर एक मजिस्ट्रेट लगाया गया है। एडीएम अर्पित गुप्ता ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए अमेठी क्षेत्र में आरआरपीजी कॉलेज तथा रणवीर इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। आरआरपीजी कॉलेज में 510 तथा रणवीर इंटर कॉलेज में 450 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं जिला मुख्यालय पर इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज व श्री रणंजय इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज में 500 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। जबकि श्री रणंजय इंटर कॉलज में 450 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि डीआईओएस को परीक्षा का नोडल बनाया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक दो विद्यालय पर एक एसडीएम को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। प्रत्येक केंद्र पर नायब तहसीलदार स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में रहेंगे। शासन से भी परीक्षा के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

# संविधान बचाना हर नागरिक का कर्तव्य- किशोरी लाल शर्मा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी। बुधवार को नैना रिसार्ट में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रो से आये वक्ताओं में वरिष्ठ पत्रकार सिद्धार्थ कलहंस ने कहा कि आजादी के पहले हम अंग्रेजों की प्रजा थे। महारानी विक्टोरिया हमारी रानी थी संविधान ने हमें नागरिक होने का अधिकार दिया है। हमें किसी भी हुकूमत को यह ताकत नहीं देनी है कि हम फिर से प्रजा हो जाएं। चिंतामणि मिश्र ने संवैधानिक साक्षरता की बात कही उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी संविधान की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक नहीं है इसके लिए जागरूकता अभियान चलना चाहिए प्रत्येक व्यक्ति को उसके कर्तव्य और अधिकार पता होने चाहिए। ब्लॉक स्तर न्याय पंचायत स्तर और पंचायत स्तर तक संगोष्ठी आयोजित की जाए चौपाल लगाई जाए संविधान पर चर्चा हो।सेवानिवृत प्रोफेसर संतलाल ने कहा कि संविधान हमें समस्त मानवीय शक्तियां प्रदान करता है। संविधान के प्रमुख खंडों को लोगों में वितरित कराया जाए। जिससे कि आमजन को भी



संविधान के विषय में जानकारी हो सके। पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश में संविधान बढ़ाने की मुहिम छेड़ी है। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और हमारे नेताओं ने संविधान को हमेशा मजबूती प्रदान की है। संविधान में जब संशोधन की भी आवश्यकता पड़ी तो उसे जनता के अनुरूप किया गया। आज विरोधी शक्तियां संविधान को बदलकर संस्थाओं को नष्ट करने का प्रयास कर रही हैं। हमारे नेता राहुल गांधी पूरे देश में संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस देश को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं हम सब उनकी इस लड़ाई में एक सिपाही की तरह हैं। अगर हम आज इस लड़ाई में हिस्सा नहीं लेंगे तो आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगे कि हमारे पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई लड़ी। इसलिए आज हम लोग आराम से हैं। इसी तरह हमें आने वाली पीढियो के लिए संविधान बचाने की लड़ाई को दूसरा स्वत्रंतता संग्राम मान कर लड़ना होगा। अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने आये हुए अतिथियों और कांग्रेस जनों का स्वागत कर बंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ संगोष्ठी समापन पर नगर पालिका जायस अध्यक्ष श्री मती मनीषा चौहान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अधूरा पुल पूरा करने को सेतु निगम को चाहिए 14 करोड़

## एप्रोच रोड के लिए बदायूं का पीडब्ल्यूडी एस्टीमेट तैयार कर सौंपेगा

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। सेतु निगम ने बरेली की फरीदपुर तहसील और बदायूं की दातागंज को जोड़ने वाले रामगंगा नदी के अधूरे पुल को विस्तार देने के लिए 14 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार कर पीडब्ल्यूडी को भेज दिया है। इस पैसे से सेतु निगम 150 मीटर पुल को विस्तार देगा। अप्रोच रोड के लिए बदायूं का पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड एस्टीमेट तैयार कर रहा है। बदायूं सर्किल के अधीक्षण अभियंता केके सिंह का कहना है कि बुधवार को एक्सईएन ने एस्टीमेट भेजने की बात कही है। सेतु निगम और पीडब्ल्यूडी से एस्टीमेट मिलने के बाद अधूरे पुल को पूरा करने के लिए चीफ इंजीनियर मुख्यालय प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे। स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू करा दिया जाएगा।



दरअसल, रामगंगा नदी के अधूरे पुल से गिरकर बीते वर्ष 24 नवंबर को कार सवाल तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद मचे शोर-शराबे के बाद अधूरे पुल को पूरा कराने के लिए सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं ने संयुक्त निरीक्षण किया। अधूरे पुल को पूरा करने के लिए आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ दल से अध्ययन कराया गया। मार्च में इसकी रिपोर्ट आई। रिपोर्ट में पुल को 150 मीटर विस्तार देने और अप्रोच रोड बनाने का सुझाव दिया गया। इसी रिपोर्ट के आधार पर एस्टीमेट बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ी। सेतु निगम को पुल विस्तार और पीडब्ल्यूडी को एप्रोच रोड के लिए एस्टीमेट देने को कहा गया। सेतु निगम के डीपीएम अरुण कुमार का कहना है कि सोमवार को 14 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बदायूं सर्किल के अधीक्षण अभियंता को भेज दिया गया है।

दरअसल, रामगंगा नदी के अधूरे पुल से गिरकर बीते वर्ष 24 नवंबर को कार सवाल तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद मचे शोर-शराबे के बाद अधूरे पुल को पूरा कराने के लिए सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं ने संयुक्त निरीक्षण किया। अधूरे पुल को पूरा करने के लिए आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ दल से अध्ययन कराया गया। मार्च में इसकी रिपोर्ट आई। रिपोर्ट में पुल को 150 मीटर विस्तार देने और अप्रोच रोड बनाने का सुझाव दिया गया। इसी रिपोर्ट के आधार पर एस्टीमेट बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ी। सेतु निगम को पुल विस्तार और पीडब्ल्यूडी को एप्रोच रोड के लिए एस्टीमेट देने को कहा गया। सेतु निगम के डीपीएम अरुण कुमार का कहना है कि सोमवार को 14 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बदायूं सर्किल के अधीक्षण अभियंता को भेज दिया गया है।

इधर, अधीक्षण अभियंता केके सिंह ने बताया कि पीडब्ल्यूडी का एस्टीमेट मिलना बाकी है। एक्सईएन ने मंगलवार तक समय मांगा था। शासन से बजट जारी होने के बाद निर्माण शुरू कराया जाएगा। दरअसल, सितंबर 2023 में आई बाढ़ में पुल की अप्रोच रोड बह गई थी। पीडब्ल्यूडी को 24 नवंबर 2024 को पुल से गिरने से कार सवार तीन लोगों की मौत का मामला सुर्खियां बना। इसके बाद अधिकारियों की पैरवी पर शासन ने आईआईटी रुडकी से मॉडल स्टडी कराए जाने को 29.5 लाख रुपये फीस देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

**पुल निर्माण में देरी से एक लाख की आबादी प्रभावित**-पुल बनने में हो रही देरी के चलते दोनों ओर के 50 गांवों की करीब एक लाख की आबादी प्रभावित है। पुल पर आवागमन बंद हुए 19 माह बीत चुके हैं। आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों से कराई गई जांच की अध्ययन रिपोर्ट सामने आने के बाद भी कुछ नहीं हुआ है। ऐसे में फरीदपुर से किसी को दातागंज जाना है तो उसे शाहजहांपुर जिले के नवादा मोड़ और उसके बाद बेलाडांडी पुल से होते हुए करीब 15 किलोमीटर अधिक सफर करना पड़ रहा है। फरीदपुर से रामगंगा पुल होकर दातागंज की दूरी 35 किमी है, लेकिन, पुल बंद होने से 50 किमी सफर करना पड़ रहा है।

# मरीज बनकर जिलाधिकारी पहुंचे जिला अस्पताल, स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी

## किस दिन कौन से डॉक्टर ओपीडी में रहेंगे उपलब्ध, स्पष्ट विवरण अंकित करवाने के दिए निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। आम व्यक्ति की भांति जिलाधिकारी ने बिना लाव लश्कर के जिला अस्पताल में प्रवेश किया और अपनी पहचान छिपाने के उद्देश्य से मास्क भी लगाया, जिससे अस्पताल की वास्तविक गतिविधियों की जानकारी हो सके।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम पर्चा काउंटर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा और पाया कि पर्चा काउंटर पर बहुत भीड़ है, जिस पर उन्होंने दो जगह पर्चा काउंटर बनवाने के निर्देश दिए, जिससे मरीजों को परेशानी ना हो।

उक्त के उपरांत ओपीडी सेक्शन का निरीक्षण किया और इस दौरान निर्देश दिये गये कि ओपीडी के अन्तर्गत कौन-कौन से डॉक्टर किस-किस दिन मरीजों को देखते हैं उसका स्पष्ट विवरण अंकित किया जाए, जिससे मरीजों को कोई दिक्कत ना हो।

जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्सकों के कक्ष का निरीक्षण किया और चिकित्सकों व मरीजों से पूछताछ की। जिलाधिकारी ने अल्ट्रासॉउन्ड केंद्र, पैथोलॉजी का निरीक्षण किया तथा दवा वितरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया और लोगों से पूछा कि सभी दवाएं निशुल्क मिलती हैं अथवा नहीं। जिलाधिकारी ने मरीजों से वार्ता की और अस्पताल में मिलने वाली चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला ओपीडी कक्ष का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि बीमार लोगों के लिए व्हीलचेयर/स्ट्रेचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था तथा मरीजों व उनके साथ आने तिमारदारों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# ग्राम सचिवालय की जमीन विवाद:अमरोहा में किसान ने भवन पर पोता काला रंग, कहा- जमीन के बदले वादा पूरा नहीं हुआ।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

हसनपुर ' अमरोहा

अमरोहा के गंगेश्वरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत दौलतपुर कला में एक अनोखा मामला सामने आया है। ग्राम निवासी सफीक ने ग्राम सचिवालय पर काला रंग पोत दिया है।

सफीक का कहना है कि 4 साल पहले उनकी निजी जमीन पर ग्राम सचिवालय बनाया गया था। उस समय ग्राम प्रधान और सचिव ने उन्हें दोगुनी जमीन देने का वादा किया था। लेकिन अब तक यह वादा पूरा नहीं हुआ है।

ग्राम प्रधान बाला सैनी ने बताया कि सचिवालय के लिए ग्राम समाज की भूमि कम पड़ रही थी। अधिकारियों का भवन जल्द बनाने का दबाव था। इसलिए सफीक की जमीन ली गई थी।

एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि सफीक की जमीन सहमति से ली गई थी। लेकिन उन्हें सचिवालय पर काला रंग नहीं पोतना चाहिए था। मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि यह ग्राम सचिवालय 2022 में लगभग 14 लाख रुपये की लागत से बनाया गया था। सफीक ने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया है।

# विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर ऐंठे 15 लाख रुपए, मुकदमा दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। विदेश में अच्छी कंपनी में नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लोगों ने युवक से पंद्रह लाख पांच हजार रुपए ऐंठ लिए और फर्जी टिकट दे दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ठाकुरद्वारा नगर के मोहल्ला फतेहउल्लागंज निवासी मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद अनीश ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 2 फरवरी 2024 को उसके मिलने वाले कस्बा निवासी फिरोज आलम के घर उसे बुलाया गया। जहाँ मोहल्ला फकीरगंज निवासी शाहरुख पुत्र राजा और उसके भाई नईम व सलीम ने उसे सऊदी अरब में अच्छी कंपनी में नौकरी लगवाने की बात कही और अलग-अलग तारीखों में उससे रुपए ऐंठ लिए और उसे फर्जी टिकट थमा दिया




**अच्छी नौकरी का झांसा देकर ऐंठी रकम**

पीड़ित का आरोप है कि जब वह फिरोज आलम के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा तो वहां से दोनों को उनका टिकट गलत बताते हुए वापस कर दिया गया।

जिस पर उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो शाहरुख ने उसे पैंतालिस हजार रुपए वापस कर दिए। शेष रकम वापस मांगने पर तीनों आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी

# कभी आसमान छू रहीं थी कीमतें, आज कूड़े के ढेर में सड़ रहे टमाटर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद । जनपद, जो टमाटर उत्पादन के लिए जाना जाता है, इस बार भी भारी संकट का सामना कर रहा है। हजारों बीघा में की गई टमाटर की खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा बनती जा रही है। पिछले तीन सालों से लगातार नुकसान झेल रहे किसान इस बार भी मायूस हैं।

टमाटर मात्र 3 से 4 रुपए प्रति किलो खरीद रहे हैं -किसानों का कहना है कि हर साल वह इस उम्मीद में टमाटर की खेती करते हैं कि इस बार मुनाफा होगा, लेकिन मंडी में सही दाम न मिलने और टमाटर की बाहर आपूर्ति बाधित होने के कारण उन्हें लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। इस बार व्यापारी खेतों से टमाटर मात्र 3 से 4 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

किसानों का कहना है घर चलना मुश्किल हो रहा है - इसके अलावा, टमाटर की फसल में फंगस लगने के कारण लगभग आधी फसल बर्बाद हो गई है। खराब टमाटर किसानों द्वारा कूड़े के ढेर पर फेंके जा रहे हैं। मंडियों में भाव न मिलने के कारण व्यापारी सिर्फ एकदम ताजा और सुंदर टमाटर ही खरीद रहे हैं, बाकी को किसान फेंकने को मजबूर हैं। इंतेजार अहमद नामक किसान, जिन्होंने इस बार 10 एकड़ में टमाटर की खेती की, कहते हैं कि उनकी पूरी लागत डूब गई है। इस बार तो लागत भी नहीं निकल पा रही है, घर चलाना मुश्किल हो गया है उन्होंने कहा। समर्थन मूल्य (टरढ) तय किया जाए और स्थानीय स्तर पर टमाटर की बिक्री और प्रोसेसिंग की सुविधा विकसित की जाए, ताकि हर साल उन्हें इस तरह के नुकसान का सामना न करना पड़े।

# कानपुर में टाइटन आई प्लस के नए स्टोर का शुभारंभ किया गया

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कानपुर। आईवियर ब्राण्ड टाइटन आई प्लस ने पी.पी.एन. मार्केट परेड में अपने नए स्टोर के उद्घाटन के साथ अपने रीटेल फुटप्रिंट का विस्तार किया है। पी.पी.एन. मार्केट, परेड में फैला यह नया स्टोर उन उपभोक्ताओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दशार्ता है जो बेहतरीन गुणवत्ता के सर्वश्रेष्ठ आईवियर खरीदना चाहते हैं। इस स्टोर में 25 से अधिक जाने-माने इंटरनेशनल आईवियर ब्राण्ड जैसे रे-बैन,वॉग,टॉमी हिलफिगर, ओकले,सिलहूट टाइटन, फास्ट्रैक आदि उपलब्ध हैं,जो आज के फैशनेबल उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करेंगे। इस अवसर पर टाइटन की रिजनल हेड मिसेज शालिनी गुप्ता, एसोसिएट राजकुमार जसनानी आदि के साथ शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# बॉलीबॉल टूनार्मेंट में फराज की टीम बनी चैंपियन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। मंगलवार रात शाहबाद नगर के मोहल्ला नई बस्ती में हुए बॉलीबॉल प्रतियोगिता में फराज की टीम ने बाजी मार ली।बताते चले कि बॉलीबॉल टूनार्मेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबला सुबह 5 बजे तक चला। फाइनल मुकाबले में फराज की टीम ने विपक्षी टीम को मात देते हुए खिताबी मुकाबला अपने नाम किया। इस दौरान कप्तान फराज, बिलाल कुरैशी, शोएब खा आदि रहे।

# विश्व मासिक धर्म दिवस पर 'रिवैम्प इंडिया फाउंडेशन' ने यूनिचार्म इंडिया का जागरूकता कार्यक्रम

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

**कानपुर।** विश्व मासिक धर्म दिवस के अवसर पर 'रिवैम्प इंडिया फाउंडेशन ने यूनिचार्म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (उरफ) के अंतर्गत एक विशेष साझेदारी करते हुए,कानपुर की विभिन्न बस्तियों काकादेव,यशोदा नगर,मैनावती मार्ग, परामिया पुरवा और नवाबगंज में एक वृहद स्तर का जन-जागरूकता अभियान एवं 1000 सैनिटरी पैड का निःशुल्क वितरण आयोजित किया। इस प्रयास में कई अन्य सामाजिक संगठनों ने भी सहभागिता की,जिनमें पहल संस्था जेन्हार ऐप और वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी प्रमुख रूप से सम्मिलित रहीं। इन संगठनों ने जन जागरूकता फैलाने एवं महिलाओं के साथ सीधे संवाद स्थापित कर मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का कार्य किया। रिवैम्प इंडिया फाउंडेशन के सीईओ वैभव राठौर ने इस अवसर पर कहा नारी सशक्तिकरण का मूल स्तंभ है ज्ञान,स्वच्छता और आत्मनिर्भरता। जब महिलाएं अपने शरीर को समझती हैं,तब समाज उन्हें एक नई दृष्टि से देखता है। मासिक धर्म कोई वर्जना नहीं, बल्कि स्त्रीत्व का उत्सव है। कार्यक्रम में महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता संबंधी सावधानियों, पौष्टिक आहार,मानसिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्यगत जोखिमों की जानकारी दी गई।



# उत्कृष्ट कार्य करने पर तीन महिला आरक्षी सम्मानित

## सीओ और पत्रकार एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से दिए प्रशस्ति पत्र

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। थाना शाहबाद पर तैनात तीन महिला आरक्षियों को उनके द्वारा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बुधवार को सम्मानित किया गया। तीनो महिला आरक्षियों को सीओ कार्यालय में पत्रकार एसोसिएशन की तरफ से प्रशस्ति पत्र दिए गए।



बुधवार को शाहबाद कोतवाली में तैनात तीन महिला आरक्षी संध्या उपाध्याय, कल्पना और सुधा देवी को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. की तरफ से उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तीनो महिला आरक्षियों को सीओ कार्यालय में सीओ हर्षिता सिंह और पत्रकार एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष आफताब ने कहा कि पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन समय पर सरकारी कर्मचारियों तथा समाजसेवियों को उनका उत्साह वर्धन करने के लिए सम्मानित करता रहेगा।इस दौरान संरक्षक सखावत अली, अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन हस्सानी, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश शंकर, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संयुक्त सचिव विशाल जोशी, सचिव वीरेंद्र मौर्य, शावेज छोटे, फहीम आतिश, जहीर खा, तकरीर अहमद, धर्मेंद्र सागर, इरफान मलिक, फैजी खा आदि रहे।

# ओसी व पस्तोर में पुलिस प्रशासन के सहयोग से कराया गया वैब परिवारों का टीकाकरण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। बुधवार को ग्राम पंचायत ओसी व पस्तोर में चिकित्साधीक्षक डॉक्टर आर के चंदेल द्वारा बी आर टी टीम के साथ वैब परिवारों में भ्रमण किया गया।दोनों गांव में लगभग 28 परिवार ऐसे थे जो अपने बच्चों को टीका नहीं लगवाते थे। ब्लॉक रिस्पांस टीम व सुपरवाइजर द्वारा बार-बार समझाने के पश्चात भी बच्चों को टीका नहीं लगाए गए। टीम परिवारों को समझाने के लिए कोशिश लगातार करती रही, लेकिन कुछ परिणाम नहीं निकला। परिवार टीका लगवाने को राजी नहीं हुए। परिवारों की यह स्थिति देखते हुए चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर आर के चंदेल द्वारा पुलिस प्रशासन से बात की गई और पुलिस ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर के चंदेल के साथ घर-घर जाकर लाभार्थियों को समझाया और टीका लगवाने में सहयोग किया। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया मंगलवार को दोनों गांव में 28 वैब परिवार थे जिनमें 22 बच्चों को टीका लगाया है



6 परिवार घर पर मौजूद नहीं मिले।अप्रैल माह में पूरे ब्लॉक का वैब परिवारों का टीकाकरण 56 प्रतिशत था इस माह मंगलवार तक 2025 तक 60 प्रतिशत हो गया है। बी आर टी टीम में शामिल बी एम सी शादाब अली, सी एच ओ सुखबीर यादव,एएनएम श्रृंखला सुमन, दानवती,आशा सावित्री, खैरुल निशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अफरोज आदि मौजूद रहे।

# पोकलेन मशीन से निकाली यमुना के अंदर से सिल्ट

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो



मथुरा। गंगा दशहरा पर यमुना जल को आचमन योग्य बनाने के प्रयास जारी है। नगर निगम की टीम ने सोमवार रात को दर्जनभर घाटों की सफाई कराई। पोकलेन मशीन से यमुना के अंदर जमी सिल्ट को निकाला गया। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों ने यमुना सफाई की सुध ली है। अधिकारियों का दावा है कि गंगा दशहरा तक यमुना यमुना की सफाई हर हाल में करा दी जाएगी। इसके बाद हरिद्वार से गंगाजल छोड़ा जाएगा। नगर निगम की टीम ने सोमवार रात को पोकलेन मशीन से सफाई कराई। इसमें बंगाली घाट समेत दर्जनभर घाटों से गंदगी व यमुना के अंदर जमी सिल्ट निकाली, ताकि महास्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। क्यूआरटी टीम भी लगाई गई हैं, जो घाटों की सफाई व पोकलेन से बची सिल्ट को हटाने का काम करेंगी। बंगाली घाट से पोकलेन मशीन को यमुना में उतारा गया तो लोगों की भीड़ लग गई। बंगाली घाट पर तली में जमी सिल्ट को हटाया। यहां भारी मात्रा में सिल्ट जमी हुई थी, जो रेलवे पुल की कोठी से यमुना के फ्लो को टकराने की वजह से यहां जमा हो रही थी। अमर उजाला यमुना की सफाई को लेकर अभियान चला रहा है। खबरें प्रकाशित होने के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने यमुना सफाई की सुध ली है। अधिकारियों को कहना है कि यमुना की तलीझाड़ सफाई कराई जाएगी। पानी को आचमन योग्य भी बनाया जाएगा, ताकि किसी भी श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस नहीं पहुंचे। अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार बताया है कि गंगा दशहरा को लेकर यमुना की सफाई का अभियान सोमवार रात से जारी हो गया है। मंगलवार को भी यमुना के विभिन्न घाटों की सफाई कराई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापाक इंतजाम कराने की कवायद चल रही है। यमुना सफाई के बाद यमुना किनारे सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा, ताकि किसी श्रद्धालु को असुविधा न हो सके। अपर नगर आयुक्त का कहना है कि घाटों के अलावा यमुना किनारे सफाई की जाएगी। चेंजिंग रूप समेत व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। सिंचाई विभाग के एक्सईएन शौर्यवर्धन ने बताया है कि यमुना में जल की मात्रा बढ़ाने की शासन से अनुमति मिल गई है। एक जून को हरिद्वार से गंगाजल छोड़ा जाएगा। ऐसे में श्रद्धालु आसानी से आस्था की डुबकी लगा सकेंगे।

# ग्रापए संस्थापक की पुण्यतिथि मनाई

## 38 वी पुण्यतिथि तिथि पर पत्रकारों ने अर्पित किये श्रद्धासुमन



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।** ललितपुर,महरौनी ।नगर के शीतल बडौनियां इण्टर कालेज में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक हुयी । जिसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व० बाबू बालेश्वर लाल जी की 38 वी पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित पत्रकार साथियों ने श्रृद्धासुमन अर्पित किये व बताया की बाबू जी ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की स्थापना बलिया जिले से अपने कुछ साथियों के साथ की थी । उनके द्वारा बनाया गया संगठन आज विशाल वटवृक्ष का रुप ले चुका है जिसकी सदस्यता देश के विभिन्न प्रान्तों में लगातार पत्रकार ग्रहण कर रहे हैं । और संगठन का स्वरूप लगातार बढ़ता जा रहा है। इस अवसर पर समस्त पत्रकारों नेजिला बेसिक शिक्षाधिकारी रणवीर सिंह द्वारा पत्रकारों पर स्कूल प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के संदर्भ में नायब तहसीलदार महरौनी को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि उक्त आदेश को निरस्त करते हुए जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर वैध पत्रकारों की सूची बनवाकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन को सौंपी जाए, जिससे प्रशासन और मीडिया के बीच मधुर संबंध बने रहे।

इस मौके पर आशाराम तिवारी,एम ए रिजवी, लक्ष्मीनारायण ताम्रकार, जितेंन्द्र तिवारी,लखनलाल बैरवारा, महेन्द्र सिलावन , राजाराम सिंह, महेन्द्र सिंह, अंचल साहू,मनीष चौरसिया,ललित नामदेव, लखपति यादव, मानवेन्द्र सिंह, आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

संचालन तहसील महामंत्री आमिर खान मंसूरी बानपुर ने किया ।

# बाजार में गेहूं बिकवा गबन करने वाले पर नहीं हुई कार्रवाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

लाखों के गबन की शिकायत जिला सहकारी विकास संघ के निदेशक ने मंडलायुक्त से की है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि मामले को दबाया जा रहा है। शासनस्तर से भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

संघ के निदेशक कुंवर लाखन सिंह अस्ता ने मंडलायुक्त को पत्र सौंपा। बताया कि विकास संघ में पिछले वर्षों में गबन किया गया है। वर्ष 2015-16 में 1,49,976, वर्ष 2016-17 में 30,88,588 और वर्ष 2017-18 में 9,18,326 रुपये पीसीएफ द्वारा संचालित गेहूं क्रय केंद्र के साथ मिलकर लाखों का गबन किया गया। खरीद करने के बाद एफसीआई के गोदाम में गेहूं जमा न कराकर बाजार में बिकवा दिया

गया और पैसे का बंदरबांट हुआ। इसकी शिकायत जिला सहकारी विकास संघ के पूर्व सभापति ने की थी। तत्कालीन अधिकारियों ने अपनी आख्या में एक पूर्व सचिव और पीसीएफ के पूर्व अधिकारी को दोषी ठहराते हुए तत्कालीन सहायक निबंधक से कार्रवाई करने की सिफारिश की थी।

इसके बाद फिर से मामले की जांच झांसी और गरौठा के अपर जिला सहकारी अधिकारी ने की। जांच में एक पूर्व सचिव दोषी मिला मगर रिपोर्ट पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने मामले की जांच कराकर गबन की राशि की वसूली कराकर जिला सहकारी विकास संघ के खाते में जमा करवाने की मांग की है।

# कोविड वार्ड में लटका ताला...सैंपल केंद्र में भरा कबाड़ा, ऐसे में कहां भर्ती होंगे संक्रमित मरीज

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

मथुरा। प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों को विभाग के आदेश का इंतजार है। जिला अस्पताल में पूर्व में ट्रॉमा सेंटर में बने कोविड वार्ड में ताला लटका है ।प्रदेश के कई शहरों में फिर से कोरोना ने दस्तक दे दी है। कोरोना मरीजों को अलग वार्ड में शिफ्ट किया जाता है, लेकिन जिला अस्पताल में कोविड के मरीजों के लिए बने वार्ड में ताला लगा है। अगर कोई व्यक्ति कोविड पॉजिटिव आ जाता है तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के पास भर्ती के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। प्रदेश में कोरोना को देखते हुए कई जिलों के अस्पताल में बचाव के लिए संसाधनों और वार्डों में सुधार कार्य चालू भी कर दिए हैं, लेकिन जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों को विभाग के आदेश का इंतजार है। जिला अस्पताल में पूर्व ट्रॉमा सेंटर में बने कोविड वार्ड में ताला लटका है, वहां आईसीयू वार्ड चालू होना था लेकिन अभी तक नहीं हुआ। यहां बने कोविड सैंपल केंद्र में कबाड़ भरा है और हर जगह गंदगी फैली है। अब ऐसे में सवाल उठता है कि अगर कोविड का कोई नया मरीज निकलता है तो उसे कहां भर्ती किया जाएगा। ऑक्सीजन की व्यवस्था-कोरोना के मरीजों को सबसे ज्यादा ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़ती है। दूसरी और तीसरी लहर में ऑक्सीजन सिलिंडर की किल्लत रही थी। ऐसे में कई कोरोना मरीजों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिली थी। हालांकि जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगा है। इस प्लांट से प्रति मिनट 760 लीटर ऑक्सीजन सप्लाई होती है।

# विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का तुरंत हो समाधान

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो



मथुरा। विद्युत आपूर्ति नहीं मिलने से जिले से लगातार शिकायतें उपभोक्ता कर रहे थे। संविदा कर्मी हड़ताल पर होने के चलते फाल्ट को सही होने पर 6 से 8 घंटे तक लग रहे थे। इन्हीं समस्या को लेकर मंगलवार को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार मथुरा पहुंचे। उन्होंने मुख्य अभियंता राजीव गर्ग के साथ विद्युत व्यवस्था की समीक्षा। वहीं उपभोक्ताओं की शिकायतों में देरी और लापरवाही बरतने वाले विद्युतकर्मियों को निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक ने विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ औरंगाबाद शहरी एवं ग्रामीण उपकेंद्र का निरीक्षण किया। यहां पर चल रहे विद्युत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बृज की नगरी में विद्युत उपभोक्ताओं को आपूर्ति समय से मिले। उन्होंने ओवर लोड में क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को जल्द ही बदलने और ट्रांसफार्मरों के आस-पास फेंसिंग जाली लगाने के निर्देश दिए। उपभोक्ताओं की शिकायत में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

प्रबंध निदेशक ने गणेशपुरा और पागल बाबा बिजली घर निर्माण कार्य का निरीक्षण कार्य को 20 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पागल बाबा एवं गणेशपुरा उपकेंद्रों से मथुरा शहर को स्थायी एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। दोनों वर्षों की योजना में 8 उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि और अन्य कार्यों का जायजा लिया। सांसद प्रतिनिधि द्वारा दिए सुझावों का मूल्यांकन कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# भगवान विश्वकर्मा के नाम पर द्वार निर्माण कराने की मांग

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य को सौंपा ज्ञापन



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

ललितपुर। मंगलवार को विश्वकर्मा समाज के लोगों ने सर्किट हाउस में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कुलदीप विश्वकर्मा के जिले में पधारने पर फूलमालाओं से स्वागत कर औपचारिक भेंट की। इस दौरान जिले के विश्वकर्मा समाज के लोगों ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य से कई सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की और ज्ञापन देकर जिले में विश्वकर्मा भगवान के नाम पर द्वार व मार्गों के नामकरण कराने की मांग की। ज्ञापन मे बताया गया की जिले में भगवान विश्वकर्मा के नाम से अभी तक कोई भी द्वार या सार्वजनिक स्थान नहीं है जबकि जिले में काफी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग हैं। ललितपुर जिले में धार्मिक और महापुरुषों के नाम पर बहुत से द्वार व सार्वजनिक स्थान बनाये गए हैं लेकिन विश्व के निर्माणकर्ता एवं प्रथम इंजीनियर भगवान विश्वकर्मा के नाम पर ललितपुर जिले मे अभी तक किसी भी सार्वजनिक स्थान द्वार या मार्ग का नामकरण नहीं किया गया। मांग की गई की जिले मे भगवान विश्वकर्मा के नाम से द्वार व मार्ग का निर्माण किया जाये जिससे जिले का समस्त विश्वकर्मा समाज गौरवान्वित हो। इस अवसर पर हरिराम निरंजन, जिलाध्यक्ष वी-5 विजय ड्योढिया, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, अनूप ताम्रकार, गोविंद विश्वकर्मा, जगदीश झा, कमल विश्वकर्मा, विनोद कुमार झा, राहुल बाबा आदि उपस्थित रहे।

# खरीफ फसल के लिए 3825 क्विंटल बीज का होगा वितरण

ललितपुर। कृषि विभाग ने खरीफ फसल की बोआई की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कृषि विभाग को बीज वितरण का लक्ष्य भी मिल गया है। लगभग 3825 क्विंटल बीज वितरण किया जाना है।

विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान पर व निशुल्क बीज वितरण किया जाना है। केंद्र व राज्य पोषित योजनाओं के अंतर्गत अनुदानित और गैर अनुदानित बीजों के लक्ष्य भी कृषि विभाग को मिल गए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन, पंडित दीन दयाल किसान समृद्धि योजना, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एवं त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के बीजों का वितरण एवं प्रदर्शन का लक्ष्य दिया गया है। धान का बीज अस्सी क्विंटल वितरित किया जाएगा। मक्का का बीस क्विंटल, ज्वार का पंद्रह क्विंटल, बाजरा का पंद्रह क्विंटल मिनी किट, जबकि उड़द का कुल वितरण 1157.62 क्विंटल होगा।

# एसपी ने बुजुर्ग महिला की सुनी समस्या, किया त्वरित निराकरण



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई की जा रही थी। जनसुनवाई के दौरान एक 80 बर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर पुलिस ऑफिस में आयी। बुजुर्ग महिला को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महिला के पास आये और सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूंछकर उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना। उक्त बुजुर्ग महिला की पारिवारिक समस्या का त्वरित व उचित निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बुजुर्ग महिला ने पुलिस अधीक्षक को आशीर्वाद दिया। ललितपुर पुलिस के इस कार्य की मौके पर मौजूद आम जन मानस द्वारा भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

# व्यापारी शहीदों की स्मृति में दी गई श्रद्धांजलि वरिष्ठ व्यापारी नेताओं, समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

ललितपुर। उ.प्र.उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में स्थानीय एक होटल में कार्यक्रम आयोजित कर व्यापारी आंदोलनो में शहीद हुए 14 व्यापारियों को दी गई श्रद्धांजलि एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए योगदान के प्रति 11 व्यापारियों को सम्मानित किया गया। इस वंदना के उपरांत व्यापार मंडल के पुरोधा पंडित श्याम बिहारी मिश्रा, लाल विशंभर दयाल के चित्र पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पं.श्याम बिहारी मिश्रा, लाल विशंभर दयाल के चित्र पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। व्यापारी नेताओं ने शहीद व्यापारी नेताओं में हरिश्चंद्र अग्रवाल, हरिशंकर अग्रवाल, नित्यानंद कौशिक, अशोक कुमार खंडेलवाल, शिव सिंह, मुन्ने मियां, लवकेश ओमर, अशोक राय, कमल जैन, रमेश बिंदल, अजय गुप्ता, अमित गुप्ता, राकेश पवार, गोपाल पोद्दार आदि शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके वचनों पर चलने का निर्णय लिया। प्रदेशीय निदेर्शानुसार शीलचंद जैन, प्रेमचंद जैन, कपूर चंद्र, सुरेश सराफ, शिखर चंद, प्रभात सराफ, करतारचंद, रामसेवक साहू, अरविंद जैन, नवीन समैया, जिनेंद्र जैन आदि को भामाशाह सम्मान दिया गया। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर व अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी ने संबोधित किया। संचालन महामंत्री अनिल जैन ने किया। कार्यक्रम में नवीन सिंघई, अशोक जैन, महेश जैन, अनिल अंचल, डा.प्रीतम सराफ, अभय जैन एड., राजीव सुडेले, उदयभान सिंह, मनोज सोनी, पंकज जैन, मुकेश जैन, संजीव जैन, राजेंद्र जैन, जयनारायण शर्मा, अंकित सतभैया, अवध बिहारी, विनय जैन, वीरेंद्र जैन, हरीश सिंघई, आनंद जैन, अवनीश जैन, सतीश, धर्मेंद्र जैन, राहुल मोदी, मनोज जैन, पदमचंद जैन, पवन जैन, दीपक सिंघई, ज्ञानप्रकाश, सुमत जैन, रिक्की जैन, निलेश जैन, सोनम सिंघई, उपेंद्र जैन, हेमंत जैन, मनमोहन, अविनाश जैन आदि मौजूद रहे।

# बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर और अध्यादेश का विरोध, सेवायतों ने किया ये ऐलान; बढ़ेगी सरकार की मुश्किलें

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो



मथुरा के वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में प्रस्तावित कॉरिडोर और सरकार द्वारा लाए जा रहे संभावित अध्यादेश के विरोध में बुधवार को मंदिर के सेवायत गोस्वामियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। राजभोग आरती के बाद मंदिर के आंगन में एकत्रित होकर गोस्वामियों ने जमकर नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

, विरोध कर रहे गोस्वामियों ने कहा कि श्री बांके बिहारी मंदिर कोई सार्वजनिक संपत्ति नहीं, बल्कि स्वामी हरिदास जी के वंशजों की पीढ़ियों से चली आ रही निजी संपत्ति है। सेवायत आशीष गोस्वामी ने कहा हमने जन्म से ठाकुर जी की सेवा की है। तन, मन और धन से समर्पण किया है। अब सरकार बाहरी लोगों के इशारे पर बिहारी जी को हमसे छीनना चाहती है, जिसे हम किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। सेवायतों ने यह भी ऐलान किया कि यदि सरकार कॉरिडोर निर्माण और मंदिर अधिग्रहण के अपने प्रयासों से पीछे नहीं हटी तो वे इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगेंगे। सेवायत हिमांशु गोस्वामी ने कहा अगर सरकार हमारे ठाकुर जी को हमसे छीनना चाहती है तो हमें जीवन जीने का कोई अधिकार नहीं। हमें इच्छा मृत्यु दे दी जाए।

# राज्यमंत्री के सवाल पर एसएसपी बोले-मथुरा में एमपी से आ रहा गांजा

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो



मथुरा। राज्यमंत्री संदीप सिंह के सवाल पर एसएसपी श्लोक कुमार ने जवाब देते कहा कि मथुरा में अधिकतर गांजा मध्य प्रदेश से सप्लाई होता है। हालांकि पुलिस सप्लायरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। राज्यमंत्री ने पूर्ण अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने यह सवाल पूछा था। एसएसपी ने पुलिस द्वारा की गई विभिन्न कार्रवाईयों के बारे में जानकारी दी। इसमें गुंडा एक्ट, पॉक्सो एक्ट, जिला बदर, अपहरण, लूट, बलात्कार समेत अन्य घटनाएं शामिल हैं। मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजनाएं का हाल जाना। इसके बाद उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारी से कहा कि फसल बीमा योजना से ज्यादातर किसानों को लाभान्वित करें। वहीं जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक मुक्त ब्रज की रज अभियान की सराहना की। डीएफओ को निर्देश दिए कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। गोवर्धन विधायक ठा. मेघश्याम सिंह, योगेश चौधरी, ओमप्रकाश सिंह, आकाश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, नगर आयुक्त जग प्रवेश, सीडीओ मनीष मीना, डीएफओ रजनी कांत मित्तल आदि मौजूद रहे।

# विद्युत तार बदलवाने की मांग को लेकर किसान यूनियन का धरना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। विकासखंड क्षेत्र के गांव डून्डूखेडा के बिजली घर पर किसान यूनियन के कार्यकताओं ने विद्युत तार बदलवाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। निस्तारण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

बुधवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव डून्डूखेडा बिजली घर पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के दर्जनों कार्यकताओं ने बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया। किसान यूनियन के कार्यकताओं का आरोप है कि गांव में दर्जनों किसानों के खेतों के ऊपर से एचटी लाइन जा रही है।



लाइन विद्युत पोल से नीचे झुकी हुई है किसान कई बार हादसों के शिकार हो चुके हैं शिकायत के बावजूद भी विद्युत विभाग कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है। इस दौरान विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जल्दी निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान किसान यूनियन के ब्रह्मपाल नाला, गय्यूर हसन, तालिब चौधरी, पुष्पेंद्र कुमार, संदीप, नेत्रपाल, कृष्णपाल, वेदपाल,नवाब अली, सहित आदि लोगों ने धरना प्रदर्शन कर निस्तारण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

# गढ़ी हसनपुर में मंदिर मार्ग पर जलभराव से श्रद्धालु परेशान, किसान झेल रहा नुकसान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
चौसाना। गांव गढ़ी हसनपुर में मंदिर के रास्ते पर लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। गांव के एक मोहल्ले में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश या घरेलू उपयोग के बाद का पानी मंदिर वाली सड़क से होकर मंदिर के सामने एकत्र हो जाता है। इससे श्रद्धालुओं को मंदिर में आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर के सामने पानी न भरने पाए, इसके लिए एक किसान ने अपने खेत में पानी रोक रखा है, जिससे उसकी फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। गांव निवासी अरविंद कुमार, विपिन मित्तल, सचिन चौधरी, नितिन, संजीव, धर्मसिंह, संदीप कुमार, सुखविंदर, विकास और शुभम ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर अपने विधायक से भी मिले थे, पर उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। मौजूदा विधायक ने मंदिर वाली सड़क पर सीसी रोड बनवाने की बात तो कही, लेकिन मोहल्ले के पानी को तालाब तक पहुंचाने पर कोई स्पष्ट योजना नहीं दी। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ग्राम प्रधान ने अपने कार्यकाल में इस गंभीर समस्या की अनदेखी की, जिससे आज भी गांव वाले परेशान हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते तीन गिरफ्तार, 3840 रुपये की नगदी बरामद

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
चौसाना। स्थानीय पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलते हुए तीन व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल ?3840 की नगदी बरामद की है। तीनों के खिलाफ जुआ अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को गश्त के दौरान सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति अब्दालनगर क्षेत्र में खुले स्थान पर जुआ खेल रहे हैं। मौके पर दबिश देकर पुलिस ने अली मोहम्मद पुत्र आलम अली, जुनैद पुत्र अख्तर (दोनों निवासी अब्दालनगर, थाना झिंझाना) एवं गुल्फान पुत्र फरमान (निवासी भडी भरतपुरी, थाना झिंझाना) को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलना कानूनन अपराध है और इस पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### ग्राम प्रधान पर लगे घोटाले के आरोप फर्जी शिकायतकर्ता बोले-जांच में हुई खानापूरी

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
चौसाना गढ़ी हसनपुर गांव में प्रधान पर सरकारी नलों की मरम्मत और रिबोर के नाम पर 28 लाख रुपये निकालने के आरोपों की जांच में नया मोड़ आ गया है। मंगलवार को बीडीओ ऊन उमाकांत मुद्गल गांव पहुंचे और खुली बैठककर ग्रामीणों से पूछताछ की। जांच के बाद अधिकारियों ने ग्राम प्रधान पर लगाए गए आरोपों को फर्जी और निराधार बताया। वहीं दूसरी ओर, शिकायतकताओं ने जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाए कि यह सिर्फ खानापूरी बनकर रह गई।

ग्रामवासी रमेश चंद्र, शुभम, महबूब, नीरज चौधरी, धर्म सिंह, अरविंद, रूपन, रितिक चौधरी और संदीप चौधरी ने 17 मई 2025 को तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि ग्राम प्रधान ने बिना कोई काम कराए सरकारी नलों की मरम्मत और रीबोर के नाम पर 28 लाख रुपये की धनराशि निकाल ली। ग्रामीणों ने यह भी कहा था कि प्रधानने अपने निजी हित में सरकारी नलों में जबरन मोटर डलवाई है, जो नियम विरुद्ध है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीडीओ जांच टीम के साथ मंगलवार को गांव पहुंचे।

बीडीओ बोले-आरोप निराधार, कोई अनियमितता नहीं

बीडीओ ने बताया कि शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की गई। खुली बैठक में ग्रामीणों से बातचीत कर साक्ष्य जुटाए गए। जांच में यह सामने आया कि ग्राम प्रधान पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद है। शिकायतकर्ता शुभम ने जांच प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए कहा कि हमारे पास पुख्ता सबूत मौजूद है, लेकिन बैठक में सिर्फ औपचारिकता निभाई गई। हमारी बातों को गंभीरता से नहीं लिया गया और कुछ लोगों के कहने पर निर्णय सुना दिया गया। हम इसकी शिकायत बड़े अधिकारियों से करेंगे। पंचायत भवन पर खुली बैठक बुलाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी पक्षों की बात सुनी और मौके पर ही दस्तावेजों की जांच की।

### मुठभेड के दौरान 25 हजार के ईनामी गौकशी के वांछित आरोपी को गिर फ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। शहर कोतवाली पुलिस ने कैराना रोड पर मुठभेड के दौरान 25 हजार के ईनामी गौकशी के वांछित आरोपी को गिर फ्तार किया है। जिसके पास से एक अवैध तमंचा, दो खोखा व एक जिंदा कारतूस सहित बिना नंबर की बाईक बरामद की है। पुलिस इससे पूर्व भी इस मामले में एक गौकशी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला काजीवाडा में 23 अप्रैल को गौकशी की सूचना पर पुलिस ने छापामारी करते हुए भारी मात्रा में कटे हुए गौवंशों को बरामद किया था। जिसमें पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसी दिन शाम को मुठभेड के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि बुधवार को एक सूचना के आधार पर इस मामले में वांछित चल रहे 25 हजार रुपए के ईनामी गौकश सलमान पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला आजाद चौक को कैराना रोड पर मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसके पास से पुलिस ने 315 बोर को देशी अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस के साथ साथ एक बिना नंबर की बाईक बरामद की है। घायल अभियुक्त को उपचार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे चालान कर जेल भेज दिया गया।

# गली में नाले का अभाव बना ग्रामीणों की मुसीबत, निकासी न होने से जलभराव और बदबू फैली

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
चौसाना। चौसाना में सहकारी समिति के पास वाली गली के निवासी इन दिनों बदहाल हालातों से जूझ रहे हैं। गली में नाले की व्यवस्था न होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे हर समय जलभराव की स्थिति बनी रहती है। इससे न केवल ग्रामीणों का आना-जाना मुश्किल हो गया है, बल्कि दुर्गंध और मच्छरों के कारण बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या की शिकायतें वे कई बार कर चुके हैं, पर अब तक स्थाई समाधान नहीं किया गया। ग्रामीण साबिर, सत्तार, इकराम, शौकत, रिफाकत, भूरा, अकरम, अयूब, रईस, गुल मोहम्मद, साकिब, अहसान, दिलशाद, नौशाद, इमरान आदि ने बताया कि गली में वर्षों से नाले का निर्माण नहीं हुआ है। नतीजतन हल्की बारिश या लोगों के घरों से निकलने वाला पानी भी यहीं इकट्ठा हो जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि ₹दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स अखबार में जब-जब हमारी समस्या प्रकाशित होती है, तब-तब सचिव साहब जेसीबी मंगवाकर सफाई कराते हैं। लेकिन यह सफाई सिर्फ दो-तीन दिन का राहत देती है। जैसे ही मशीन जाती है, फिर से वही जलभराव और गंदगी लौट आती है। इस अस्थाई समाधान से अब हम परेशान हो चुके हैं। प्रशासन से हम स्थाई समाधान की मांग करते हैं। जब तक यहां पक्का नाला नहीं बनेगा, तब तक इस गंदगी से छुटकारा संभव नहीं है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बदबू और गंदगी के कारण बच्चों और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मच्छरों के कारण डेंगू, मलेरिया जैसे रोग फैलने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

वही पंचायत सचिव राहुल कुमार ने बताया कि ₹18 मई को जेसीबी मशीन लगाकर सफाई कराई गई थी, लेकिन हाल ही में हुई बारिश के कारण फिर से पानी भर गया है। जल्द ही दोबारा सफाई कराई जाएगी।

# वीर सावरकर एवं नानासाहेब पुरोहित की जयंती मनाई गई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वीर सावरकर एवं नानासाहेब पुरोहित की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य संजीव कुमार ने सावरकर के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात संजीव कुमार ने कहा कि वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी, विचारक, लेखक, प्रखर वक्ता तथा समाज सुधारक थे। अखंड भारत के पक्षधर व



क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्त्रोत थे वे पहले भारतीय थे जिन्होंने पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की। साथ ही उन्होंने नानासाहेब पुरोहित के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा पुरोहित स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी, कुशल राजनीतिज्ञ थे। जजीरा राज्य को आजाद करने के लिए इन्होंने जनसेना का गठन किया। सन 1907 से 1994 तक इन्होंने अपना पूर्ण जीवन मातृभूमि के नाम किया। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। विद्यालय में समर कैंप से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करते हुए सरकार की ओर से आए राजकुमार ने योग व्यायाम, कला कलाचायार्सुरभि रानीने पेपर मैशे से अनेक कलाकृतियां बनवाई। इस अवसर पर संदीप कुमार, गीता, कविता, अनीता, उपासना, वंदना, मोहित कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार, रवि कुमार, कपिल कुमार, नीलम, अश्विनी कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पंकज रानी, दिव्या रानी आदि मौजूद रहे।

# ओमप्रकाश शर्मा के सहारनपुर के कोऑर्डिनेटर बनने पर बुधवार को फूल मालाऐं पहनाकर सम्मानित किया



शामली। श्री ब्राह्मण एकता महासभा के पदाधिकारी द्वारा ओमप्रकाश शर्मा के सहारनपुर के कोऑर्डिनेटर बनने पर बुधवार को फूल मालाऐं पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होने कांग्रेस पार्टी का भी धन्यवाद दिया।

बुधवार को श्री ब्रहमण एकता महासभा द्वारा शहर के विश्वकर्मानगर स्थित ओमप्रकाश शर्मा के आवास पर पहुंचकर ओमप्रकाश शर्मा को कांग्रेस पार्टी द्वारा सहारनपुर का कोर्डिनेटर बनाये जाने पर फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश कौशिक व संरक्षक पंडित प्रेम किशोर कोठारी ने कहा कि समाज को कांग्रेस पार्टी द्वारा दिए गए सम्मान के लिए वह हाईकमान का धन्यवाद करते है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश कौशिक, संरक्षक पंडित प्रेम किशोर कोठारी, अशोक वशिष्ठ, जयप्रकाश शर्मा, विनोद अत्री, शिवकुमार शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, कैलाश चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धुओं की बैठक आयोजित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धुओं की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों को सुनते हुये उनकी समस्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा मुख्य रूप में भूमि, संबंधी आदि शिकायते बतायी गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अजय कुमार सिंह ने राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। बैठक में पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# अज्ञात ट्रक द्वारा बाईक में टक्कर मार दिए जाने से एक महिला की दर्दनांक मौत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। शहर के बलवा चौराहे पर अज्ञात ट्रक द्वारा बाईक में टक्कर मार दिए जाने से एक महिला की दर्दनांक मौत हो गई, जबकि पति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि पति को उपचार दिया गया है।

कैराना कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला गुलशन निवासी 45 वर्षीय समीना पत्नी यामीन बुधवार पर बाईक सवार होकर किसी कार्य से शामली आये थे। बताया जाता है कि जब वह बाईक पर सवार होकर कांधला जा रहे थे तो इसी दौरान बलवा चौराहे पर ट्रक ने बाईक में टक्कर मार दी। जिससे दंपत्ति दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोडकर फरार हो गया। वही घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग वहां पहुंचे तो उन्होने देखा कि महिला की मौत हो चुकी है, जबकि पति यामीन घायल है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने समीना को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल यामीन को उपचार दिया गया। पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सागर कौशिक के पिता नरेश कौशिक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। मेरठ से प्रकाशित एक दैनिक अखबार के फोटोग्राफर सागर कौशिक के पिता नरेश कौशिक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बुधवार को शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों, जन प्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के लोगों श्रद्धांजलि अर्पित की।

एक दो सप्ताह पूर्व शहर के मौहल्ला ब्रहमणान निवासी एक दैनिक अखबार के फोटोग्राफर सागर कौशिक के पिता नरेश कौशिक का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बुधवार को शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई गई और भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पत्रकार दिनेश भारद्वाज, अभिषेक कौशिक, नीरज भार्गव, महेश शर्मा, रामबीर राठी, अनुज सैनी, दीपक वर्मा, नदीम अहमद, अनवर अंसारी, दीपक शर्मा, संजीव शर्मा, डा. ओमपाल सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, विधायक प्रसन्न चौधरी, अंकित गोयल, अनुराग शर्मा, विजय कौशिक, देवानंद गौड, ओमप्रकाश शर्मा, सलिल द्विवेदी, शरद द्विवेदी, सुरेशचंद शर्मा, प्रेमचंद वर्मा आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष सांता प्रधान के नेतृत्व में गन्ना सोसाएटी में धरना प्रदर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को गन्ना सोसाएटी में धरना प्रदर्शन किया। उन्होने किसानों को हो रही उर्वरक की समस्या का समाधान कराने की मांग की। उन्होने बाजार में नकली व ओवर रेट उर्वरक मिलने से नाराजगी व्यक्त की।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष सांता प्रधान के नेतृत्व में गन्ना सोसाएटी में धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि जनपद शामली में किसानों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड रहा है।जिसमें इस समय उर्वरक की



समस्या बनी हुई है। बाजारों मे नकली और ओवरेट उर्वरक मिल रहा है, जिस पर कार्यवाही न किए जाने से किसान परेशान है। उन्होने कहा कि सहकारी समिति गोदाम में उर्वरक की कमी है। यही नही किसानों को उर्वरक के साथ नैनो यूरिया भी थोपा जा रहा है। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। भाकियू पदाधिकारियों ने मांग की कि किसानों पर जबरन कोई चीज न थोपी जाये अन्यथा बडा आन्दोलन किया जायेगा। इस अवसर पर कपिल खाटियान, आशीष चौधरी, कुलदीप पंवार, मास्टर जाहिद, दीपक शर्मा, अनिल मलिक, विदेश मलिक, देवराज पहलवान, ईश्वर फौजी आदि मौजूद रहे।

# चंवरा किशोरपुरा के पलटूदास अखाड़े के पंचमुखी बालाजी मंदिर में कलश यात्रा के साथ गंगा दशहरा मेले का आगाज

## तपती धूप 2100 महिलाएं 1100 पुरुष 3 किलोमीटर लंबी कतार 9 किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे मोरिंडा धाम

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं गुढ़ागौड़जी। चंवरा किशोरपुरा सीमा पर स्थित पलटूदास अखाड़े के पंचमुखी बालाजी मंदिर पर 5 जून को लगने वाले गंगा दशहरे मेले को लेकर बुधवार को ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली गई। सुबह चंवरा के ठाकुर जी मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा चौफूल्या से पोंख सड़क से किशोरपुरा गांव से होते हुए मोरिंडा रोड़ से पलटूदास अखाड़ा पहुंची। तपती धूप भीषण गर्मी में लगभग 2100 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर 9 किलोमीटर पैदल यात्रा की। कई महिलाओं ने तो नंगे पैर भी यात्रा में भाग लिया। यात्रा में पुरुषों की संख्या में भी कोई कमी नहीं थी। कलश यात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। सेवाभावी लोगों ने यात्रियों की भरपूर सेवा का पुण्य कमाया। बताया जाता है कि पलटूदास अखाड़े में मेले और कलश यात्रा की शुरूआत वर्ष 2012 में की गई थी। आसपास के इलाके में इस कलश यात्रा की जोर शोर से चचाएं रहती है। यात्रा पलटूदास अखाड़ा पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। व्यास पीठ की पूजा कर यजमानों और भामाशाहों और सेवाभावी लोगों का सम्मान किया गया। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक सुनाई जाएगी। इस अवसर पर आश्रम के महंत रघुनाथ दास महाराज, जगदीशानंद महाराज सुशीलिया आश्रम गुढा, दीपक दास वृंदावन, फेरन दास महाराज, कालूदास महाराज, सुरेश मीणा किशोरपुरा, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गजराज सिंह शेखावत चंवरा, डॉ सांवर मल सैनी, शीशराम रावत, जगदीश प्रसाद शर्मा, रामनिवास सैनी, शंभू दयाल सैनी, नत्थूराम सैनी, इंद्र सिंह पोंख, राधेश्याम कुमावत, सांवरमल गुर्जर ककराना, राधेश्याम सैनी, केके सैनी, बाबूलाल, हनुमान गुर्जर भंडारी, मदनलाल खादरा, सांवरमल मीणा, प्रकाश मीणा गुड़ा, सुमित कुमावत, मक्खन शर्मा सिंगनौर, आचार्य अमन पांडेय, धवल कुमार बीछवाल, रामावतार मीणा, लक्ष्मण, विकास मीणा सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।



# काली बाई भील उड़ान योजना : स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं एनीमिया पर कार्यशाला का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

किशनगढ़ बास। ग्राम चिकानी में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा पंचायत स्तर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक नीरज शर्मा ने बताया कि उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग अलवर के निदेर्शानुसार ब्लाक किशनगढ़ बास के समीपवर्ती गाँव चिकानी में कालीबाई भील उड़ान योजना अंतर्गत माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन एवं एनीमिया विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही आशा सहयोगिनी के द्वारा एनीमिया के बारे में बताया गया।साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई । इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया गया। कार्यशाला में सरपंच सबिला बानो, ग्राम विकास अधिकारी दयाराम गुर्जर, बंशीलाल , एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साथिन,आशा सहयोगिनी, महिलाए और किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही।

## बालाघाट पुलिस ने उएक्क्रपोर्टल की मदद से ढूंढ निकाले 155 गुमशुदा मोबाइल फोन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बालाघाट। पुलिस की साइबर सेल ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मोबाइल फोन गुम आवेदनों की जांच कर एवं उएक्क्र(उील्ल३१' ए०४स्रील्ल३ कील्ल३८ फ्रीं२३ी१) पोर्टल की मदद से 155 गुम हुए मोबाइल फोन सफलतापूर्वक खोज निकाले हैं। इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग ?23 लाख 25 हजार रुपये है। मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए गए, जिससे आवेदकों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट आई । कई लोगों के लिए ये मोबाइल न केवल संचार का साधन थे, बल्कि पढ़ाई, व्यवसाय और निजी जीवन से जुड़ी अहम जानकारियों का आधार भी थे। पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह ने कहा :- उएक्क्र पोर्टल आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुम मोबाइल खोजने का एक प्रभावी माध्यम है। बालाघाट पुलिस तकनीक और सेवा के समन्वय से आमजन को राहत पहुँचाने का निरंतर प्रयास कर रही है। यह सफलता हमारी टीम की सतर्कता और जनता के सहयोग का नतीजा है। हम न केवल मोबाइल लौटा रहे हैं, बल्कि लोगों की उम्मीदें और भरोसा भी वापस ला रहे हैं। इस सफलता में पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन प्रभारी सायबर सेल , प्रआर. शोभेन्द्र ढहरवाल, आर. बलिराम यादव, आर. प्रदीप पुट्टे, आर. पदम सिंह उइके, मआर. मेघा पाण्डेय, मआर. चांदनी शाडिल्य, मआर. शिखा मिसारे ,आर. जय भगत एवं आर. सुभाष देवासे की विशेष भूमिका रही।

# वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

खैरथल,तिजारा। पी. एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खैरथल में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक भव्य जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलेभर से बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कलक्टर किशोर कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के साथ हुआ। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में बुजुर्गों की समाज में महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।



जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल ने कार्यशाला के विभिन्न सत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत की। आयुर्वेदिक विभाग के सहायक निदेशक डॉ. अजित बाल्यान ने योग की भूमिका पर व्याख्यान दिया, वहीं योगाचार्य जितेन्द्र कुमार ने उपस्थित बुजुर्गों को योगाभ्यास करवाया और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के उपाय बताए। जिला रसद विभाग की पूनम चौधरी ने पोषण से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ साझा कीं। समाज कल्याण अधिकारी गजराज यादव ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और माता-पिता भरण पोषण अधिनियम 2007 की विस्तारपूर्वक व्याख्या करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के अंकित महावर, सत्यनारायण, नीरज भडाना, विश्वेन्द्र, तिलकराज शर्मा, सौरभ सिंह, नवीन कुमार यादव, विक्रम सिंह गुर्जर, बलराम मीणा, बाबूलाल बुद्धा सहित अनेक विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम नीमलाका में 50 बीघा चारागाह भूमि अतिक्रमण हटाया



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल-तिजारा, 28 मई। जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देशन में प्रशासन द्वारा तहसील कोटकासिम के ग्राम नीमलाका में चारागाह भूमि पर किए गए 10 से 15 वर्ष पुराने पक्के और कच्चे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की बड़ी कार्रवाई कि गई। इस सख्त कार्रवाई का नेतृत्व तहसीलदार धर्मेंद्र मीणा ने किया, जिसमें राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से कुल 50 बीघा भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया।

कार्रवाई के दौरान चारागाह भूमि पर बने पक्के मकानों के साथ-साथ कच्चे निमार्णों को भी जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। मौके पर प्रशासन की पूरी टीम मुस्तैद रही और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया।

# बैतूल भाजपा राज में गबन करो, ऐश करो, विरोध करो तो जेल भरोः मनोज आर्य

## 13 करोड़ का घोटाला उजागर करने निकले कांग्रेसियों को रानीपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बैतूल। 13 करोड़ 21 लाख के घोटाले को लेकर आवाज उठाने निकले कांग्रेस कार्यकताओं को मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही रानीपुर में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मनोज आर्य ने प्रदेश सरकार की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र का गला घोंटा गया, वे अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव को भ्रष्टाचार से जुड़ा ज्ञापन देने जा रहे थे। इसी दौरान दर्जनों कांग्रेस कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई ने साबित कर दिया कि भाजपा सरकार सच्चाई से डरती है और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देती है।

मनोज आर्य ने साफ कहा कि भाजपा की मोहन यादव सरकार में सच्चाई बोलना जुर्म बन गया है, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने बताया कि चिचोली जनपद पंचायत में जमीन से लेकर मनरेगा तक में बड़े घोटाले हुए हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर की मांग ज्ञापन में की गई थी।

मुख्यमंत्री को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में दर्ज खुलासों ने भाजपा के विकास के ढकोसले की पोल खोल दी है। चिचोली जनपद पंचायत की भू-स्वामित्व वाली 0.821 हेक्टेयर जमीन, जो खसरा नंबर 214 पर दर्ज है, उसे नगर परिषद के पदों पर बैठे भू-माफिया भाजपा नेताओं की मिलीभगत से शासन के नाम पर ट्रांसफर किया जा रहा है। जमीन के दस्तावेज जलाकर जनपद पंचायत की संपत्ति को कौड़ियों के भाव बेचा जा रहा है। यह सब बिना जनपद बॉडी की सहमति और प्रस्ताव के किया गया, जो साफ तौर पर एक संगठित साजिश है।

# आम आदमी पार्टी के नेताओं को हिरासत में लेकर छोड़ा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बगडोना आगमन से पहले आम आदमी पार्टी के नेताओं को सारनी कार्यालय एवं घरों से हिरासत में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार इन नेताओं को सीधे पाथाखेड़ा पुलिस चौकी ले जाया गया,जहां उन्हें घंटों तक रोका गया उसके बाद विरोध का स्वर तेज होता देख उन्हें तत्काल चोपना थाना ले जाया गया।

आम आदमी पार्टी मीडिया विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सरकार की असफलताओं की फेहरिस्त लेकर चल रही आम आदमी पार्टी ने सारनी क्षेत्र की बेरोजगारी,पलायन,अपराध, स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली, बढ़ते अपराध और प्लांट की दुर्दशा से लेकर एवं आठनेर ब्लॉक ने किसानों को बांटे गए अमानक मक्का बीज जैसे गंभीर मुद्दों पर मुख्यमंत्री से सवाल पूछने की तैयारी की थी।



लेकिन इससे पहले कि यह आवाज मंच तक पहुंचती,उसे पुलिस की जीप में भरकर दूर लेजाकर छोड़ दिया और चुप करवा दिया गया। पुलिस ने पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी,जिला कोषाध्यक्ष सपन कामला,सारनी ब्लॉक अध्यक्ष रमेश भूमरकर, एसटी विंग जिला अध्यक्ष शिव कुमार तुमडाम,जिला संयुक्त सचिव प्रीतम भूमरकर, शिक्षा विंग जिला सचिव सुरेश जावलकर,सर्किल प्रभारी अजय सरनकर, रामरतन धुर्वे को गिरफ्तार किया।

आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के स्वागत समारोह से एक दिन पहले जय स्तंभ चौक सारनी शहर की मुख्य सड़कों पर अनोखे ढंग से विरोध प्रदर्शन किया।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा विधानसभा अध्यक्ष का किया गया सम्मान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली। श्रृंगीऋषि की तपोभूमि सिंगरौली जिले को 17 साल पूर्ण होने पर चुनकुमारी स्टेडियम में सिंगरोली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर जी का आगमन हुआ। 17वे स्थापना दिवस पर सिंगरौली महोत्सव मनाया गया दिनांक 24 से 27 मई तक संगीत संध्या कवि सम्मेलन सांस्कृतिक कार्यक्रम व संगीत संध्या म्यूजिकल नाइट एवं क्रैकर्स शो आदि जैसे कार्यक्रम बड़े-बड़े कलाकारों के द्वारा हुए सिंगरौली जिला की क्षेत्रीय जनता व जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों आदि ने उमंग उत्साह आनंद के साथ कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया जिसमें नरेंद्र सिंह तोमर एवं सिंगरौली क्षेत्र के विधायक रामनिवास शाह तथा पोरसा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता का सिंगरौली के एनटीपीसी सुर्या भवन में आगमन हुआ। जिसमें ब्रह्माकुमारीज की ओर से ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय संचालिका बीके शोभा दीदी तथा ब्रह्माकुमारीज की अन्य दीदियों अंजू दीदी, सविता दीदी प्रियंका बहन, सरिता बहन ने मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का पगड़ी एवं सॉल श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह व ईश्वरीय सौगात देकर उनका स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी व क्षेत्रीय नागरिक व कार्यकर्तागण सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे ।



# भाजपा सरकार में होता है महापुरूषों का अपमानः पार्षद अखिलेश सिंह

## चाचा नेहरू पार्क में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा लगाये जाने पर जताया विरोध

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा जयंत के पार्षद अखिलेश सिंह ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर महापुरूषों का अपमान करने का आरोप लगाया है। पार्षद सिंह ने कहा कि आज विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा वैढ़न स्थित चाचा नेहरू?पार्क में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया जबकि इस पार्क का नाम पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के नाम पर है। उन्होने कहा कि 28/04/2001 को मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह ने जब राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम का उद्घाटन किया था उसी दौरान चाचा नेहरू पार्क बनाने की उन्होने घोषणा की थी।?पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि चाचा नेहरू को बच्चे काफी पसंद करते थे इसलिए पार्क का नाम उन्होने चाचा नेहरू रखा था।?पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने सांसद मद से पार्क तथा रेस्ट हाउस के निर्माण हेतु राशि आवंटित की थी। परन्तु आज चाचा नेहरू की प्रतिमा न लगाकर यहां पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की स्थापना हो गयी।?पार्षद श्री सिंह ने कहा कि यह चाचा नेहरू का अपमान है।?



पार्षद अखिलेश सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा काफी पहले से बनकर रखी गयी थी उसे टाकीज तिराहे पर लगाना था परन्तु नगर निगम द्वारा उस प्रतिमा की स्थापना आज चाचा नेहरू?पार्क में कर दी गयी।?अखिलेश सिंह ने कहा कि भाजपा के सरकार में महापुरूषों का अपमान होता है तथा महापुरूषों के साथ भेदभाव किया जाता है।?उन्होने कहा कि जुड़वा तालाब में नगर निगम द्वारा महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा लगायी गयी है और पार्क का नाम भी महाराणा प्रताप जी के नाम पर करने का प्रस्ताव है इसके बावजूद परिषद की बैठक में तीन नामों को रखा गया जिसमें पार्क का नाम बाबा साहब अम्बेडकर, भगवान गौतम बुद्ध तथा महाराणा प्रताप जी के नाम पर करने का प्रस्ताव किया गया। उस दौरान पार्षदों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया और पार्क का नाम महाराणा प्रताप जी के नाम पर करने पर मुहर लगायी। उन्होने कहा कि आगामी परिषद की बैठक में मैं एवं कांग्रेस पार्टी के पार्षद साथियों सहित दोषी अधिकारियों जो नियम कानून को ताकत प्रतिमा स्थापित किए हैं उन पर कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# अबुआ आवास के लाभार्थियों को विधायक निशात आलम एवं विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी व उपायुक्त ने कराया गृहप्रवेश



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ प्रखण्ड अन्तर्गत नरोत्तमपुर पंचायत के रामचन्द्रपुर गांव में अबुआ आवास योजना के चार लाभुकों को पक्का मकान मिला। विधायक पाकुड़ निसात आलम, उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, सांसद प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं मुखिया सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से लाभुक के नवनिर्मित अबुआ आवास का नारियल फोड़ के साथ फीता काटकर कर गृह प्रवेश कराया। लाभुक ने मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। लाभुकों ने कहा कि हमलोगों के पास रहने के लिए पक्के का मकान नहीं था। कच्चे मकान में किसी तरह गुजर बसर करते थे। सरकार के मदद से आज हमलोगों के पास पक्का का मकान बन गया। इसके पश्चात विधायक पाकुड़, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, बीडीओ सहित अन्य प्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया। तत्पश्चात महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी, उपायुक्त पाकुड़ मनीष कुमार एवं झामुमो नेत्री उपासना मरांडी ने महेशपुर व धर्मखांपाड़ा गांव में बुधवार को अबुआ आवास के दो लाभुको को नारियल फोड़कर व फीता काट कर गृह प्रवेश कराया। विधायक व उपायुक्त ने बताया कि जिले भर में करीब 1500 अबुआ आवास का गृह प्रवेश कराया गया। महेशपुर लाभुक संजय राउत और धर्मखांपाड़ा गांव के लाभुक हासान शेख को अबुआ आवास योजना के तहत आवास मिला था। आपको बता दे बुधवार को पाकुड़ जिला के सभी प्रखण्ड में अबुआ आवास योजना के लाभुकों के गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे जिले में 1500 लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया। सभी प्रखण्डों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं वरीय पदाधिकारियों ने लाभुकों को गृह प्रवेश करवाया। पाकुड़ प्रखण्ड में 500, हिरणपुर प्रखण्ड में 200, लिट्टीपाड़ा में 250, अमड़ापाड़ा में 100, महेशपुर प्रखण्ड में 300, पाकुड़िया प्रखण्ड में 150 लाभुकों ने अपने अबुआ आवास में गृह प्रवेश किया। वही लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लाभुकों को विधायक हेमलाल मुर्मू ने गृहप्रवेश कराया।

# विधायक व उपायुक्त ने मनरेगा योजना के कार्य प्रगति का लिया जायजा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ प्रखण्ड अन्तर्गत नरोत्तमपुर पंचायत के रामचन्द्रपुर गांव में मनरेगा योजना अन्तर्गत बिरसा सिंचाई कूप योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना के आम बागवानी योजना का स्थलीय निरीक्षण विधायक निसात आलम, उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया के द्वारा किया गया। मौके पर विधायक एवं पदाधिकारियों ने मनरेगा मजदूरों के साथ बात कर योजनाओं के कार्य को लेकर जानकारी भी ली। योजना का निरीक्षण के दौरान मनरेगा कार्यों की प्रगति देखकर विधायक पाकुड़ काफी खुश दिखे। इसके अलावे उपायुक्त मनीष कुमार व अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन के द्वारा महेशपुर प्रखंड स्थित कानीझाड़ा पंचायत के काटशाला ग्राम में मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत तीन एकड़ पेच का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, योजना का बोर्ड एवं कुआं को कलरफुल बनाने हेतु निर्देशित किया।

# विधायक ने अबुआ आवास लाभुकों को कराया गृह प्रवेश



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
पाकुड़ (झा०खं०), महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने पाकुड़िया प्रखण्ड के पंचायत पाकुड़िया एवं खाक्सा पंचायत सरसाबांध में अबुआ आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण करते हुए लाभुकों को गृह प्रवेश कराया। इस दौरान उन्होंने माया साहू , सावित्री देवी के नवनिर्मित अबुआ आवास/ घरों का फीता काटकर गृह प्रवेश कराया। विधायक प्रो. मरांडी ने अन्य आवासों की गुणवत्ता की जांच की और निर्माण कार्य की जायजा भी लिया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से बेघर और जरूरतमंद लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने हेतु छत उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवास निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि सभी पात्र लाभुकों को समय पर आवास उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार, बीडीओ सोमनाथ बनर्जी, झामुमो केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह-युवा नेत्री उपासना मरांडी , जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, सम्बंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव , रोजगार सेवक तथा अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने इस योजना के अन्तर्गत मिल रहे लाभ के लिए सरकार का आभार प्रकट किया। वहीं विधायक सहित सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ और शाल देकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। विधायक ने लाभुक परिवारों को एक-एक प्रेसर कुकर भी दिया वही झामुमो के युवा नेत्री उपासना मरांडी ने लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सिर्फ घर नहीं, बल्कि एक नए जीवन की शुरूआत है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम, मंजर आलम, छोटू भगत, मंजूर अंसारी, मनाफ अंसारी सहित अन्य कार्यकर्त्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# जैक माध्यमिक परीक्षा में आशीष कुमार मंडल जिला के टॉप ट्वेंटी में शामिल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
गोड्डा (झा०खं० ), जिले के पथरगामा चिलकारा निवासी उज्वल मंडल और रेखा देवी के पुत्र आशीष कुमार मंडल एवं एनजी प्लस टू उच्च विद्यालय पथरगामा के छात्र ने न केवल पथरगामा प्रखण्ड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, बल्कि गोड्डा जिला के टॉप ट्वेंटी में भी शामिल हुए। आशीष 467 अंक प्राप्त कर 93.40 प्रतिशत हासिल किया। जानकारी मिलते ही शुभकामनाएं देने के लिए ग्रामीणों का जमावड़ा उनके घर पर लगने लगा।आशीष वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष पांडे को दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष पांडे ने बताया कि विद्यालय के शत- प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं और 133 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। पांडे ने बताया कि आशीष कुमार मंडल विद्यालय प्रतिदिन आते थे और विद्यालय में आयोजित रेल टेस्ट मासिक जांच परीक्षा में अक्सर टॉप आया करते थे।

# मुखिया अबुताहेर शेख ने अबुआ आवास लाभार्थियों को कराया गृहप्रवेश



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ प्रखण्ड के पंचायत झिकरहाटी पूर्वी एवं झिकरहाटी पश्चिमी पंचायत में अबुआ आवास के लाभुकों को गृह प्रवेश कराया। वही झिकरहाटी पश्चिमी पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 ) में अबुआ आवास योजनान्तर्गत नव निर्मित अबुआ आवास में करीब 58 लाभुकों को मुखिया अबुताहेर शेख के द्वारा गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान पंचायत सचिव मोहम्मद मुसताकीर, रोजगार सेवक मोहीउद्दीन शेख समेत असिकुल शेख, मानजारुल शेख, अखतारु शेख व प्रवीर राजवंशी ग्रामीण उपस्थित थे।

वही गृहप्रवेश कराये गये अबुआ आवास लाभार्थियों में गीता देवी, पली राजवंशी, अंजेरा वीवी, फिरोजा वीवी, जलन वेवा, अंजली कोनाई, जमादार शेख अन्य ने झारखण्ड सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हुए कहा कि खुशी की क्षण है कि मुखिया मो० अबु ताहिर शेख की सकारात्मक पहल से हम जैसे गरीब तक अबुआ आवास योजना का लाभ पहुंचा और आज गृहप्रवेश कराया गया। जो छत साये में जीवन यापन व्यातित करने में मददगार साबित होगा।

# पेयजलापूर्ति की समस्या से जल्द मिलेगी निजात



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
गोड्डा (झा०खं०), महागामा पीएचईडी कार्यालय परिसर में समरसेबल मोटर फिर से खराब हो जाने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। वही सूचना मिलने पर मंत्री सह- स्थानीय विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए हैं।गर पंचायत ईओ आशीष कुमार के निर्देश पर कनीय अभियंता कृष्ण कुमार पाठक निरीक्षण कर बताया कि नया मोटर लगाकर समस्या का शीघ्र समाधान किया जायेगा। बताया जाता है कि ट्रांसफार्मर के फाल्ट से मोटर खराब हुआ है।

# नए पुलिस अधीक्षक के रूप में मुकेश कुमार ने किया पदभार ग्रहण



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
गोड्डा : जिले में नए पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने निवर्तमान पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी से अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने कहा कि जिले को अपराध मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में अपराध से संबंधित आंकड़े होंगे उन सभी अपराधों पर अंकुश लगाना है। सभी प्रकार की मामलों का त्वरित गति से उद्भेदन करना व लंबित मामलों का निपटारा करना भी मेरी प्राथमिकता रहेगी।

# आईपीएस अधिकारी प्रभात कुमार ने संभाल धनबाद एसएसपी का कार्यभार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
धनबाद (झा०खं०), धनबाद जिले के नवपदास्थापित आईपीएस अधिकारी प्रभात कुमार ने धनबाद के 7वें एसएसपी के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान एसएसपी एचपी जनार्दनन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर उन्होंने पदभार संभाला। निवर्तमान एसएसपी ने नये एसएसपी को शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के पश्चात एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना, जिले को अपराध मुक्त बनाना, पुलिस पब्लिक को फ्रेंडली बनाना प्राथमिकता रहेगी। जो भी समस्याएं आयेंगी, उसका समाधान किया जायेगा। वही निवर्तमान एसएसपी एचपी जनार्दनन ने कहा कि उनका कार्यकाल संतोषजनक रहा। धनबाद में एसएसपी के रूप में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। साथ ही कहा कि कार्यकाल के दौरान सबके सहयोग से धनबाद को भयमुक्त माहौल देने का प्रयास किया। जिले में आगेर्नाइज क्राइम पर अंकुश लगाने का प्रयास होता रहा। प्रिंस खान गैंग के कई सदस्यों को जेल भी भेजा गया। नये एसएसपी को शुभकामनायें हैं और उम्मीद करेंगे कि जिले को अपराध मुक्त बनाने में अपना योगदान देंगे।

# मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 छात्र-छात्राओं को उपायुक्त ने किया सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
साहेबगंज (झा०खं०), जिले में मैट्रिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 छात्र-छात्राओं को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती द्वारा सम्मानित किया गया। बुधवार को जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। सम्मानित विद्यार्थियों में फिरदौस अंसारी, दीपिका घोष, अमरीन प्रवीन, अंकित कुमार मालतो, राजकुमार शिल, स्वाति कुमारी, साक्षी कुमारी, उमंग दास, सचिन कुमार यादव और शिवानी कुमारी शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और लगन से जिले का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ये बच्चे आने वाले समय में समाज और देश की दिशा तय करेंगे।


# तेतुलमारी जंगल में कोयले का अवैध भंडारण, बिकेश के साथ स्थानीय राजनीतिक चेहरे की गठजोड़ से अवैध कोयला कारोबार में वृद्धि

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
धनबाद+झा०खं०), धनबाद जिले के तेतुलमारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत तिलातंड बस्ती एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार कारण शर्मनाक है। दुमका से आए बिकेश नामक युवक द्वारा संचालित कोयले के अवैध कारोबार ने न सिर्फ क्षेत्र की छवि को धूमिल किया है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, पास के जंगलों में कोयले का अवैध भंडारण किया जा रहा है, जिसे रात के अंधेरे में चोरी-छिपे बाहर भेजा जाता है। बताया जा रहा है कि यह गोरखधंधा सुनियोजित ढंग से चलाया जा रहा है, और इसमें कुछ स्थानीय राजनीतिक चेहरे भी संदेह के घेरे में हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते यह अवैध कारोबार बेधड़क चल रहा है। इससे न केवल तिलातंड बस्ती की बदनामी हो रही है, बल्कि युवा पीढ़ी भी अपराध के रास्ते पर जाने को मजबूर हो रही है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष जांच हो और जो भी लोग इसमें संलिप्त पाये जाए, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। तिलातंड और तेतुलमारी थाना क्षेत्र की गरिमा को बचाने के लिए यह जरूरी हो गया है कि कानून अपना काम पूरी सख्ती से करे।

# रानी बाजार में शराब बिकने से वहां का माहौल बिगड़ रहा है- विजय कुमार झा

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, धनबाद (झा०खं०), कतरास थाना अन्तर्गत रानी बाजार तेग बहादुर मेमोरियल हॉल के ठीक पीछे वाली गली में कुछ दिनों से खुले आम शराब बेची जा रही है और पीने की व्यवस्था भी है। जिससे वहां का माहौल बिगड़ता जा रहा है। हालांकि कुछ फसलों में लड़कियों का स्कूल कॉलेज भी है , उसी मार्ग से छात्राएं विद्यालय आया जाया करती है, बीते दिनों कुछ लोगों ने इसकी शिकायत कतरास पुलिस को दी थी, पर उसे शराब विक्रेता पर कोई असर नहीं हुआ। बुधवार को समाजसेवी एवं कुछ बुद्धि जीवीयो द्वारा उक्त स्थल पर जाकर वहां चल रहे शराब विक्रय को बंद करने के लिए मुहिम चलाई गई। बाद में इसकी सूचना पुलिस को भी दी। संजोग की बात तब हुई जब दो व्यक्ति वेस्ट मोदीडीह से शराब देने वहां पहुंचे थे, जिसे वहां के लोगों ने पकड़ लिया।

# कुड़मी समुदाय ने रहइन परब मनाकर किया कृषि कार्य की शुरूआत किया





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा**
**गोड्डा/ पथरगामा** : प्रखंड अंतर्गत पीपरा पंचायत के होपनाटोला गांव में रहइन परब के दिन कृषि कार्य शुरूआत किया गया। टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि आज रहइन परब के दिन झारखंड के अलावे बंगाल, उड़ीसा, आसाम में भी कुड़मी समुदाय के लोग जेठ महीने के तेरह दिन में रहइन परब मनाकर खेत बीज डाला जाता है कुड़मी समुदाय तो ₹आखाइन जातरा₹ को 'अढ़ाई-पाक' की जुताई कर नये वर्ष का आगाज किया जाता है आगे चलकर उनमे जुते खेतों में प्रथम बीज डालने का आयोजन ही रहइन है रहइन एक कुड़माली शब्द है रहइन का शाब्दिक अर्थ रहता है होता है। आज के दिन से अगले 6 महीने तक खेत में धान रहता है रहइन के दिन जुताई हुई खेत से मिट्टी ला भूत पींढ़ा में रखते हैं।

आज के बाद से किसान कबिला खासकर कुड़मी जनजाति अपने खेत में व्यस्त रहते खेत में विभिन्न तरह के किड़ मकोड़े भी निकलते हैं साथ साथ खेत में काम करते हुए चोट भी लग सकते हैं इसलिए पुर्वजों ने आज के दिन एक विशेष प्रकार का फल खाते जिसे आषाढ़ी फल कहते हैं यह टीटनस से बचाव करता है घर से जो बिहन धान बुनने ले जाते हैं उस बीहन धान के ऊपर रहइन मिट्टी का एक ढेला रखा जाता है कुड़मी समुदाय के युवती सोनी महतो ने सभी नेग नियम अपने पारम्परिक रीति-रिवाज से किया। मौके पर कुड़मी विकास मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष दीपक कुमार महतो, रामेश्वर महतो, दिव्यांश कुमार महतो, कलावती महतो, प्रिया महतो, दीप्ति श्री महतो उपस्थित हुए।

## प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल हेतु नागरिक सुरक्षा ने पोस्ट की बैठक बुलाई

# वार्डन आपातकाल सेवा के लिए सदैव तत्पर: गुलाम नवी



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर क्षेत्र के जीवन विहार में पोस्ट 7, शास्त्री नगर टाउन हॉल डिवीजन के नवनियुक्त वार्डनों एवं स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने एवं पोस्ट पर मॉक ड्रिल कराए जाने हेतु सेक्टर वार्डन अरुण श्रीवास्तव के निवास सी 11 जीवन विहार में स्टाफ ऑफिसर मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

उक्त बैठक में मुख्य अतिथि गोल्ड मेडलिस्ट सहायक उप नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी गुलाम नवी, विशिष्ट अतिथि स्टाफ ऑफिसर मुकेश शर्मा, ज्योति गुप्ता घटना नियंत्रण अधिकारी शशिकांत शर्मा वरिष्ठ वार्डन नवनीत चौधरी पोस्ट वार्डन रिजर्व संजय शर्मा उपस्थित हुए।

गुलाम नबी ने नागरिक सुरक्षा कोर में नवयुवकों, महिलाओं सहित सभी को ज्वाइन करने का आवाह्न किया। उन्होंने सभी वार्डनों को नागरिक सुरक्षा के महत्व एवं उसके कार्य के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में पुरानी आबादी के हिसाब से 5 डिवीजन बने है जब की वर्तमान में आबादी के हिसाब से लगभग 17 डिवीजन होने चाहिए जिसके लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है उन्होंने यह भी बताया कि

बैठक समापन के बाद मुख्य अतिथि गुलाम नबी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी वरिष्ठ वार्डन को भी सम्मानित किया गया। सेक्टर वार्डन अरुण श्रीवास्तव के कार्यों की सराहना करते हुए उनकी ऊर्जा और सेवा कार्य के लिए सहायक उप नियंत्रक, पोस्ट वार्डन रिजर्व एवं पोस्ट वार्डन द्वारा सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। बैठक के अंत में होस्ट अरुण श्रीवास्तव को सभी ने धन्यवाद दिया, बैठक का संचालन संजय शर्मा पोस्ट वार्डन रिजर्व द्वारा किया।

इस कार्यक्रम में सहायक उपनियंत्रक गुलाम नबी, वरिष्ठ वार्डन नवनीत चौधरी स्टाफ ऑफिस से मुकेश शर्मा ज्योति गुप्ता घटना नियंत्रण अधिकारी शशिकांत शर्मा, पोस्ट वार्डन रिजर्व संजय शर्मा पोस्ट वार्डन अरविंद दीक्षित डिप्टी पोस्ट वार्डन शेष राव सेक्टर वार्डन अरुण कुमार श्रीवास्तव उजमा, राहुल तोमर, अखिल भटनागर, मोनिका, यश दीक्षित, नीरज दीक्षित, प्रगम मिश्रा आदि वार्डन एवं स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

# जिले में चार माह के शिशु सहित दो कोरोना संक्रमित मिले, बच्चा अस्पताल में कराया गया भर्ती



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

गाजियाबाद। जिले में चार महीने के शिशु सहित दो कोरोना संक्रमित मिले हैं। संक्रमितों में महरौली निवासी का चार महीने का शिशु और इंदिरापुरम निवासी 36 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। शिशु को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि दूसरे मरीज का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि जिले में अभी तक 14 सक्रिय मरीज हैं जिसमें से 13 का होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा है औंर एक मरीज को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरीजों की संख्या को देखते हुए विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है।

# बड़े पैमाने पर अधिकारियों का स्थानांतरण, 38 अफसर हुए इधर से उधर

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

दिल्ली । कुल 38 आईपीएस और दानिप्स अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती का आदेश जारी हुआ है। इनमें 24 आईपीएस अधिकारी और 14 दानिप्स अधिकारी शामिल हैं।

दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने बुधवार को बड़े स्तर पर आईपीएस और दानिप्स अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती का आदेश जारी किया। ट्रांसफर किए गए अधिकारियों की सूची में विशेष संयुक्त पुलिस आयुक्त, संयुक्त पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रैंक के पुलिस अधिकारी शामिल हैं। कुल 38 आईपीएस और दानिप्स अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती का आदेश जारी हुआ है। इनमें 24 आईपीएस अधिकारी और 14 दानिप्स अधिकारी शामिल हैं।

# दिल्ली ब्लूज क्रिकेट क्लब ने 68 रन से जीता मैच

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

गाजियाबाद। नेहरू नगर स्थित स्टेडियम में चल रहे शील मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट में मंगलवार को दिल्ली ब्लूज क्रिकेट क्लब और एम-10 क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। इसमें दिल्ली ब्लूज क्रिकेट क्लब 68 रन से विजेता बना। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ब्लूज क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में नौ विकेट पर 263 रन बनाए। बल्लेबाज रूपांकन अग्रवाल ने शानदार 84 और अरनव ने 49 रन बनाए। गेंदबाज विनय कुमार ने तीन विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करते हुए एम-10 क्रिकेट अकादमी 36.2 ओवर में 195 रन पर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाज आकर्षक भटनागर ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए तनिष गुप्ता ने तीन विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के लिए रूपांकन अग्रवाल को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# ललित भाटी की शोक सभा का आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

शालीमार गार्डन। सरदार सिंह भाटी पूर्व डिप्टी मेयर गाजियाबाद के भतीजे स्वर्गीय ललित भाटी सुपुत्र अजय चंद भाटी का हृदयाघात से निधन हो गया था। उनकी शोक सभा में राजनेताओं सहित शहर के गणमान्य लोगों ने पुष्प चढ़ाकर दी श्रद्धांजलि अर्पित की। गाजियाबाद मेयर सुनीता दयाल,भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल,शहीद भगत सिंह सेवा दल से जितेंद्र शटी, सीमा पुरी विधायक वीर सिंह धींगान, पार्षद पप्पू पहलवान, राजकुमार सिंह, नरेश भाटी, पवन रेड्डी, एस पी सिंह, पूर्व मंडल पूर्व अध्यक्ष राजन आर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, सहित सैकड़ों लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अधिकारियों ने मांगा 10 दिन का टाइम किसान नेताओं ने कहा 10 दिन में नहीं हुई कोई मुलाकात तो सेल्स ऑफिस पर लगाएंगे ताला



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

गाजियाबाद के वेब सिटी में चल रहे किसानों के धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर के आदेश अनुसार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुर्जर व जिलाध्यक्ष गाजियाबाद संदीप चौधरी के नेतृत्व में अपनी समस्त के साथ वेब सिटी धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों को अपना पूर्ण समर्थन किया

किसान संघर्ष समिति वेव सिटी में बरकरार धरना चल रहा है लेकिन किसानों की सुनवाई न होने पर किसानों ने 27 5 2025 में की महापंचायत और भंडारा उसी में अनुज चौधरी ने कहा कि ताला लगा दिया जाएगा सेल्स ऑफिस में किसन की सुनवाई नहीं हुई मौजूद थे अधिकारी अरुण दिक्षित SDM सदर विवेक कुमार तहसीलदार GDA PK Singhँ नायब तहसीलदार प्रियाश्री पाल अउढ वेव सिटी लेकिन अधिकारियों ने लगभग दो से ढाई घंटे बैठने के बाद डिसीजंस लिया और किसानों से कहा कि आने वाले 10 दिन बाद तुम्हारी वार्ता डीएम वीसी और वेव सिटी किसानों के बीच में करने की जिम्मेदारी लेता हूं सतीश त्यागी जी ने कहा लिखित में मानेंगे क्योंकि किसानों के साथ कई बार पीछे धोखा हो चुका है अधिकारी ने किसानों को लिख कर दिया और अपने साइन करके के 10 दिन में आपकी वार्ता कंफर्म है उसके बाद में अधिकारी वहां से गए और किसानों ने कहा अगर आगे भी कुछ नहीं हुआ तो ताला लेकर हम आज धर्मस्थल पर आए हैं 3000 आदमी किसान संगठन मौजूद रहे किसान संघर्ष समिति पूरी कमेटी अमित चौधरी गुड्डू मुखिया मोहित त्यागी कोमल चौधरी राजा चौधरी पायल चौधरी चेतन फौजी दुरई गुरुजी दुरई प्रमोद चौधरी दुरई राजवीर चौधरी राजेंद्र चौधरी देवेंद्र शर्मा मनोज टीकम नगर जय चौधरी और क्षेत्र के किसान और महिला उपस्थित रही

# विक्रम चौहान राष्ट्रीय मजदूर पार्टी (जार्ज फर्नांडिस) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

नई दिल्ली। प्रकृति भक्त फाऊंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव विक्रम चौहान को राष्ट्रीय स्तर पर मजदूरों, किसानों और आम नागरिकों के अधिकारों की आवाज उठाने वाली राष्ट्रीय मजदूर पार्टी (जार्ज फर्नांडिस) का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी ने यह निर्णय चौहान के सामाजिक योगदान, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे जनहित कार्यों में उल्लेखनीय भूमिका को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिए नशामुक्ति जागरूकता अभियान के संस्थापक सुशील खन्ना के नेतृत्व में 30 वर्षों से कार्य कर रहे हैं, उन्होंने पर्यावरण के प्रति चेतना जगाने के लिए अहम भूमिका निभाई है।

पार्टी ने उम्मीद जताई है कि चौहान संविधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और मजदूर हितों की रक्षा करते हुए दिल्ली में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# नजफगढ़ स्थित धार्मिक संरचना का सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा ध्वस्त

नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।

दिल्ली। प्राधिकारियों ने नजफगढ़ नाले के पास एक धार्मिक संरचना को ध्वस्त कर दिया है और सरकारी भूमि को अपने कब्जे में ले लिया है। दिल्ली सरकार के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, रनहोला गांव में नजफगढ़ नाले के पास सरकारी जमीन पर ₹अवैध रूप से₹ निर्मित एक अनधिकृत मजार को ध्वस्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ₹यह संरचना 20 वर्षों से अधिक समय से अस्तित्व में थी, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 192 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हुआ। उन्होंने बताया कि अवैध कब्जे वाले पूरे क्षेत्र को साफ कर दिया गया है तथा उस पर पुनः कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकारियों ने कई ऐसे धार्मिक संरचनाओं की पहचान की है।

# 171 करोड़ का स्टांप कराया गया नष्ट



नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।

गाजियाबाद। जिले के कोषागार में रखे 171 करोड़ 33 लाख 25000 मूल्य के स्टांप पेपर को प्रशासन ने नष्ट करा दिया है। नष्ट करने के लिए बनाई गई समिति के अध्यक्ष एडीएम वित्त सौरभ भट्ट सहित चार सदस्यों की उपस्थिति में सभी स्टांप को जलाया गया। कुल 86742 स्टांप पेपर जलाए गए।

एक अप्रैल से पूर्ण रूप से ई-स्टांप के उपयोग के आदेश दिए जाने और 10 हजार से लेकर 25 हजार तक के कीमत वाले स्टांप पेपर अब के चलन से बाहर हो जाने के बाद यह स्टांप पेपर कोषागार में रखे हुए थे।

इसमें 10 हजार, 15 हजार, 20 हजार और 25 हजार तक की कीमत वाले लगभग 86 हजार 742 स्टांप पेपर शामिल थे। सौरभ भट्ट ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार इनका विनिष्टिकर कराया गया है। इस दौरान विडियोग्राफी भी कराई गई है।

# पश्चिमी सीमावर्ती राज्यों में बृहस्पतिवार को नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सरकार ने जम्मू-कश्मीर से गुजरात तक पश्चिमी सीमा से सटे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी जिलों में बृहस्पतिवार को नागरिक सुरक्षा अभ्यास करने का फैसला किया है जिसमें दुश्मन के विमानों, ड्रोन, मिसाइल हमलों का सामना करने का अभ्यास किया जाएगा। अग्निशमन सेवा एवं होमगार्ड महानिदेशालय ने एक संदेश में बताया कि नागरिक सुरक्षा अभ्यास ह्यऑपरेशन शील्डह्न जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ में संचालित किया जाएगा। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न शुरू होने से कुछ घंटे पहले सरकार ने देश भर में पहला नागरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया था। सूत्रों ने बताया कि नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि वे सभी स्थानीय प्रशासन और पक्षकारों को शामिल करते हुए अभ्यास की योजना बनाएं और बृहस्पतिवार शाम पांज बजे से उसका आयोजन करें। आदेश में कहा गया,ह्यह्य स्थानीय प्रशासन के हितधारक और एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जैसे युवा स्वयंसेवी, विभिन्न सेवाओं का संचालन करेंगे और दुश्मन के विमानों, ड्रोनों और मिसाइल हमलों की स्थिति में नागरिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन में नागरिक प्रशासन की सहायता करेंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने ढींढसा के निधन पर शोक व्यक्त किया



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अकाली नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें एक महान राजनेता बताया। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा का वृद्धावस्था जनित समस्याओं के कारण बुधवार शाम को मोहाली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 89 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां हैं। मोदी ने कहा कि उनका निधन राष्ट्र के लिए एक बड़ी क्षति है। प्रधानमंत्री ने ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यउनका पंजाब, वहां के लोगों और संस्कृति के साथ हमेशा जमीनी स्तर पर जुड़ाव रहा। उन्होंने ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय और सर्वांगीण विकास जैसे मुद्दों की वकालत की। उन्होंने हमेशा हमारे सामाजिक ताने-बाने को और मजबूत बनाने के लिए काम किया। मोदी ने कहा कि उनका ढींढसा से कई वर्षों से परिचय था और विभिन्न मुद्दों पर उनके बीच बातचीत होती थी। ढींढसा अकाली दल के टिकट पर संगरूर लोकसभा सीट से सांसद रहे। वह अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय खेल, रसायन और उर्वरक मंत्री रहे थे। ढींढसा 1998 से 2004 और 2010 से 2022 तक राज्यसभा सदस्य रहे।

**PUBLIC NOTICE**

It is Publicly informed that Sh. Vikram Singh s/o Sh. Raghuvar Singh, in respect of the residential Plot of land area measuring 100 Sq. yards, i.e. 83.61 Sq. meters, Part of Khet No. 355, Situated at Village Dostpur Mangroli Bangar, Pargana Dadri Tehsil and Distt Gautam Budh Nagar Uttar Pradesh his absolute owner as Original Sale Deed dated 11.09.2024 as Doc. No. 27410, Vol. No. 45433, Page No. 181-196, Sr-G.NOD Sadar and his seller Smt. Dhanvati w/o Late. Kashiram was an only legal heir of Late.Kashiram no other legal heirs and no such legal dispute in the subject property.

Sh. Vikram SinghContact No.9311550184

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।